सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 102, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 1264 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए जिससे सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही। } 10

## व्यापारिक नौवहन पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने समुद्री नौवहन के सुरक्षित एवं निर्बाध मार्ग के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और कहा कि व्यापारिक जहाजों पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। } 12

## विकास नगर में भीषण आग, सैकड़ों झोपड़ियां खाक



लखनऊ के विकास नगर क्षेत्र में झोपड़ियों में अचानक बुधवार की शाम भीषण आग लग गयी जिसका धुआं शहर में दूर-दूर तक दिखायी पड़ा। (फोटोः समीर भटनागर)

## सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 93.7 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सीबीएसई ने इस वर्ष से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है।

पहले चरण की परीक्षा में छात्रों का उपस्थित होना अनिवार्य था, जिसके परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। बुधवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा नतीजों में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 93.70 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। पिछले वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.66 प्रतिशत था। अधिकारियों ने बताया कि 94.99 प्रतिशत छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो लड़कों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत अधिक है। एक अधिकारी ने बताया कि कुल 55,368 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 22,1574 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 14.7 लाख से अधिक छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है। इस वर्ष छात्रों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम है। इस वर्ष 8,074 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 24.71 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए।

### संक्षेप

## धनंजय सिंह पर हमला मामले में अभय सिंह समेत 6 बरी



लखनऊ। वाराणसी जिले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमले के मामले में कोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। इसे लेकर कचहरी परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वाराणसी के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा के पास वर्ष 2002 में हुए चर्चित फायरिंग मामले में अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर जानलेवा हमले के इस प्रकरण में विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए के न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया। फैसले के मद्देनजर कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अंडमान सागर में डूबी नौका, 250 लापता

ढाका। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने बताया कि हाल ही में अंडमान सागर में मलेशिया जा रही एक नाव पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं लेकिन बांग्लादेश तटरक्षक बल के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने बुधवार को बताया कि नौ अप्रैल को नौ लोगों को बचाया गया, जिनमें तीन रोहिंग्या और छह बांग्लादेशी शामिल हैं। सुजान ने बताया कि बांग्लादेश के ध्वजवाहक पोत एम.टी. मेघना प्राइड ने इन नौ लोगों को तब बचाया, जब जहाज के चालक दल ने नाव पलटने के बाद उन्हें समुद्र में तैरते हुए पाया। इस घटना के बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.00डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम योगी के साथ किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन (पृष्ठ-02)
- शहर में 110 वार्डों में 121 करोड़ से होंगे विकास कार्य, 1.10 करोड़ जारी (पृष्ठ-02)
- रुपया नौ पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल (पृष्ठ-14)


# बाहरी तत्वों को हस्तक्षेप की अनुमति नहीं: सीएम

## मुख्यमंत्री ने टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को किया फ्लैग ऑफ



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री ने इसे महज एक औद्योगिक उपलब्धि से अधिक राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों की यह यात्रा टाटा के ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश की बदलती कार्यसंस्कृति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर व निवेश अनुकूल माहौल का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने केवल औद्योगिक उपलब्धियों की बात नहीं की, बल्कि कार्यसंस्कृति के मूल मंत्र को भी प्रमुखता से सामने रखा। उन्होंने कहा कि किसी भी समूह या संस्थान की सफलता का आधार टीमवर्क, कृतज्ञता और ईमानदारी है। हर कार्मिक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव लंबे समय में व्यक्तिगत और संस्थागत प्रगति सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए बाहरी हस्तक्षेप से बचना बेहद आवश्यक है। उन्होंने चेताया कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं, इसलिए हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे, उसकी एकता और विश्वास को बनाए रखे तथा सकारात्मक कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विकास यात्रा ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी में टाटा समूह की उपस्थिति होगी दोगुनी राज्य बनेगा बड़ा निर्यात हबः एन. चंद्रशेखरन

लखनऊ। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे संभावनाशील औद्योगिक राज्यों में एक है और आने वाले वर्षों में यहां टाटा समूह की उपस्थिति दोगुनी से अधिक होने जा रही है। राज्य में निवेश के लिए अनुकूल माहौल, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत नेतृत्व के कारण उद्योगों के विस्तार के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। एन चंद्रशेखरन ने ये बातें राजधानी में टाटा मोटर्स की 10 लाखवीं बस के फ्लैग ऑफ अवसर पर कहीं। एन चंद्रशेखरन ने कहा कि यूपी में तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत नीतिगत समर्थन और निवेश के अनुकूल वातावरण इसे औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बना रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की गति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। राज्य सरकार की नीतियों और सहयोग के कारण उद्योगों को विस्तार का बेहतर अवसर मिल रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाएं, बढ़ती आर्थिक गतिविधियां और युवा कार्यबल इसे देश का प्रमुख ग्रोथ इंजन बनाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश न केवल औद्योगिक, बल्कि तकनीकी और सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित टाटा प्लांट केवल एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार के 24वें सीएम बने सम्राट चौधरी, रखे 29 विभाग

### जदयू से बने दो उपमुख्यमंत्री, मिले 18 विभाग

एजेंसी



पटना। बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद चौधरी इस पद पर आसीन होने वाले, भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। राज्य के इतिहास में यह पहली बार है जब भाजपा के किसी नेता ने मुख्यमंत्री पद संभाला है। सम्राट चौधरी के अलावा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री बनते ही विभागों के प्रारंभिक बंटवारे की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पथ निर्माण समेत कुल 29 विभाग अपने पास रखे, जबकि दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जनता दल यूनाइटेड को मात्र 18 विभाग दिए गए।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिलहाल अपने पास गृह विभाग ,मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## महिलाओं की भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब ही संभव है जब उसकी आधी आबादी महिलाएं सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णय प्रक्रिया में सहभागी हों। उन्होंने कहा कि महिलाओं की क्षमता, परिश्रम और नेतृत्व ही समाज को नई दिशा देते हैं।

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी और वे नीति निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पहल केवल आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व के केंद्र में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा और गति मिली है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ह्यनारीह्न को सृजन और शक्ति का प्रतीक माना गया है, और आज की महिलाएं हर क्षेत्र कृषि, उद्योग, शिक्षा, प्रशासन और राजनीति में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने स्वीकार किया कि अतीत में महिलाओं को अपेक्षित अवसर और सम्मान नहीं मिल पाए, लेकिन अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, मातृत्व वंदना योजना और स्वच्छ भारत मिशन ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। राज्य सरकार की पहलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना और मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान को हथियारों की आपूर्ति न करने पर सहमत हुआ चीन : ट्रंप

एजेंसी



काहिरा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देने पर सहमत हो गया है। उनका दावा ऐसे समय आया है जब खबरें है कि चीन हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि चीन मेरे द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से खोलने से बहुत खुश है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने (चीन ने) ईरान को हथियार न भेजने पर सहमति जताई है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन दोनों बातों को आपस में जोड़ना चाह रहे थे। राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक साक्षात्कारकर्ता को बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ईरान को हथियार भेजने से इनकार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने हाल के दिनों में कई बार इन दावों का खंडन किया है कि देश ईरान को किसी भी प्रकार की सैन्य सहायता प्रदान कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ईरान को हथियार भेजने की बात से इनकार किया है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने बताया कि शी चिनफिंग ने यह इनकार उन्हें भेजे गए एक लिखित जवाबी पत्र में किया है। दरअसल, चीन द्वारा युद्ध के लिए ईरान को हथियारों की आपूर्ति किए जाने की खबरें सामने आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें पत्र लिखा था।

### नाकाबंदी जारी रही तो फारस की खाड़ी बंद कर देंगे : ईरान

काहिरा। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के कमांडर ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाता है, तो ईरान फारस की खाड़ी, ओमान सागर और लाल सागर में निर्यात एवं आयात पूरी तरह बंद कर देगा। ईरान की सरकारी मीडिया ने कमांडर अली अब्दुल्लाही के हवाले से कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित रहेगा। अमेरिकी नाकाबंदी युद्धविराम का उल्लंघन है। इजराइल और अमेरिका ने जब ईरान पर हमले शुरू किए थे, तब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था। सोमवार को अमेरिका ने ईरानी बंदरगाह क्षेत्रों में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश कर रहे जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी और कहा कि वह फारस की खाड़ी में अन्य जहाजों के आवागमन की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डालेगा।

**विशेष खबर**

### गंगा किनारे ऑर्गेनिक विलेज डेवलप कर रही योगी सरकार

# 26 जिलों में ऑर्गेनिक खेती से बदल रही यूपी की सूरत

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मां गंगा के किनारे उत्तर प्रदेश में अब आस्था के साथ समृद्धि की नई धारा भी बह रही है। योगी सरकार ने गंगा के तटवर्ती 26 जिलों में जैविक खेती का ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो न सिर्फ किसानों की आय बढ़ा रहा है बल्कि प्रदेश की कृषि व्यवस्था को भी नई दिशा दे रहा है।

नमामि गंगे योजना के तहत गंगा के दोनों किनारों पर 5-5 किलोमीटर क्षेत्र में 3,370 जैविक क्लस्टर विकसित किए गए हैं, जिनसे करीब 90 हजार किसान परिवार आत्मनिर्भर बने हैं। योगी सरकार इन क्षेत्रों में ऑर्गेनिक विलेज विकसित कर रसायन-मुक्त खेती को मिशन मोड में आगे बढ़ा रही है। जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों की उत्पादन लागत घटी है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता कम होने से जहां लागत घटी है, लाख ही बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों से बाजार में अधिक कीमत मिल रही है। यह पहल केवल खेती सुधार तक सीमित नहीं है। इससे गंगा की स्वच्छता, मिट्टी की गुणवत्ता, भूजल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सभी को लाभ मिल रहा है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राकृतिक उर्वरक और पारंपरिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देकर टिकाऊ खेती का मॉडल तैयार किया जा रहा है। वहीं, वर्ष 2024-25 में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा अब तक 35 जनपदों में जिला स्तर पर प्राकृतिक खेती की कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। आगामी वित्तीय वर्ष में बाकी जनपदों में भी कार्यशालाएं प्रस्तावित हैं। प्रदेश के 26 गंगा तटवर्ती जिलों में चल रहे इस अभियान के तहत अब तक 3,370 जैविक क्लस्टर स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे किसान परिवार सीधे जुड़ चुके हैं और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। गंगा के दोनों किनारों पर ऑर्गेनिक बेल्ट को इस मॉडल के लिए विकसित किया गया है, जहां गांव स्तर पर ऑर्गेनिक विलेज तैयार किए जा रहे हैं। जिससे लोगों को ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इस योजना की खास बात ये है कि एक ओर जहां ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नोएडा प्रदर्शनः राजद प्रवक्ताओं सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी

नोएडा (उप्र)। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने के आरोप में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की दो प्रवक्ताओं और कांग्रेस से जुड़े सोशल मीडिया समन्वयकों सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई नोएडा स्थित कारखानों के हजारों श्रमिकों की ओर से सोमवार को किए गए व्यापक विरोध-प्रदर्शन के बाद की गई, जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया था। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं।

प्रवक्ता ने बताया कि उप निरीक्षक सुशील कुमार की शिकायत पर 14 अप्रैल को साइबर अपराध थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में राजद प्रवक्ता प्रियंका भारती और कंचना यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि राजद की दोनों नेताओं ने एक्स पर अलग-अलग पोस्ट के जरिए एक वीडियो को नोएडा की घटना बताकर साझा किया, जबकि जांच में वह वीडियो मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र का पाया गया, जहां एक युवक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लखनऊ रीजन में 91.63% परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण, बेहतर प्रदर्शन

## लखनऊ से अवनी द्विवेदी, अक्षरा पांडेय, आरव तिवारी, शगुन पांडेय को 99 प्रतिशत अंक पाये

अनिल कुमार सिंह

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष लखनऊ रीजन का प्रदर्शन बेहतर रहा है। लखनऊ से अवनी द्विवेदी, अक्षरा पांडेय, आरव तिवारी, शगुन पांडेय को 99 प्रतिशत अंक पाये।

लखनऊ क्षेत्र में कुल 91.63 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष के 91 प्रतिशत परिणाम से अधिक है। सीबीएसई 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 11 मार्च के बीच आयोजित की गई थीं। लखनऊ से अवनी द्विवेदी, अक्षरा पांडेय, आरव तिवारी, शगुन पांडेय को 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। एलपीएस साउथ सिटी की छात्रा अवनी द्विवेदी ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों व माता पिता को दिया है।

राजधानी में कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 21,929 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। लखनऊ रीजन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले लगभग 30 जिलों में कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए करीब 251 केंद्र बनाए गए थे, जिनमें दो लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए।



### आरएलबी की मेधावी अक्षरा पांडेय ने 99 प्रतिशत अंक पाकर किया रही अव्वल

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल के मेधावियों ने अपना दबदबा कायम रखा और सफलता का परचम लहराकर विद्यालय, परिवार व राजधानी का मान देशभर में बढ़ाया है।10वीं की परीक्षा में रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल सेक्टर - 14 विकास नगर की छात्रा अक्षरा पांडेय ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप किया। सेक्टर- 14 इंद्रानगर शाखा में एकत्र हुए सभी मेधावी खुशी से उछल पड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय के संस्थापक जयपाल सिंह, डायरेक्टर निर्मल टंडन, निदेशक नरेंद्र प्रताप सिंह, मोहिंदर सिंह व टीचर्स ने मेधावियों को माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



### सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में एलपीएस छात्रों का शानदार प्रदर्शन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, कठोर परिश्रम एवं अनुशासन का प्रभावशाली परिचय दिया है। इस सत्र में कुल 1241 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। गोमती नगर शाखा की दाक्षी अग्रवाल ने 97.8% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कृतिका मौर्या ने 97.2%, अदिति पांडेय ने 97.0%, दिव्यांश सिंह ने 96.4%, विशद पालीवाल ने 96.0% तथा पीयूष राज ने 94.2% अंक प्राप्त किए। वृंदावन योजना शाखा की मान्या मिश्रा ने 97% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य शर्मा, सृष्टि वर्मा एवं अदम्य शर्मा ने 96.2% अंक प्राप्त किए, जबकि शुभि ने 94.0% अंक अर्जित किए। वहीं आम्रपाली योजना शाखा की आराध्या अवस्थी ने 96.8%, ज्योतिका श्रीवास्तव ने 96.6% तथा अविरल शुक्ला ने 96.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की समर्पित प्रतिबद्धता तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। वर्तमान समय अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक है, अतः विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अभी से सुनियोजित तैयारी प्रारंभ करनी चाहिए। वे राष्ट्र के उज्वल भविष्य के निमार्ता हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को भी आत्मसात करना चाहिए।

### स्तुत्य ने 97 प्रतिशत अंक पाकर अल्फा पब्लिक कॉलेज का लहराया परचम



कहते हैं होनहार बिरवान के चिकने होत पात की कहावत को स्तुत्य श्रीवास्ताव ने साबित कर दिया, अल्फा पब्लिक कॉलेज गोसाईंगंज कबीरपुर,सीबीएससी की दसवीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और माता-पिता का नाम रौशन किया। वहीं अपनी सफलता के लिए मात्र तीन से चार घंटे की पढ़ाई करते है। स्तुत्य श्रीवास्ताव आईआईटीएन बनाना चाहते है। इसके लिए वह पूरे मान से तैयारी भी कर रहे है। खाली समय में वह बैटमिंटन व क्रिकेट खेलना पसंद करते है। अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के गुरुजनों और अपने माता रूचि श्रीवास्ताव और पिता प्रभात कुमार श्रीवास्ताव को देना चाहते हैं।



### एस.के.डी. एकेडमी के छात्रों का रहा शत-प्रतिशत परिणाम

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखते हुए एस.के.डी. एकेडमी के छात्रों ने एक बार फिर सी.बी.एस.ई. कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा, जो संस्था की गुणवत्ता-प्रधान शिक्षा और विद्यार्थियों की अथक मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय के मेधावी छात्र यथार्थ कुशवाहा ने 98.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विनायक मिश्रा ने 97.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कनक सिंह ने 97.4% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत, बल्कि विद्यालय के अनुशासित शैक्षिक वातावरण और सशक्त मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन द्वारा इन प्रतिभाशाली छात्रों को आगामी जुलाई माह में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अपनी सफलता पर विद्यार्थियों ने ईश्वर, अपने अभिभावकों, प्रधानाचार्या, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए सुव्यवस्थित नोट्स, नियमित असाइनमेंट्स एवं प्रभावी टेस्ट सीरीज को अपनी सफलता का प्रमुख आधार बताया। इस उत्कृष्ट परिणाम पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक श्री मनीष सिंह ने छात्रों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने छात्रों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय प्रबंधन – अध्यक्ष श्री एस.के.डी. सिंह, निदेशक श्री मनीष सिंह, उप-निदेशिका श्रीमती निशा सिंह एवं सहायक निदेशिका (शैक्षणिक) श्रीमती कुसुम बत्रा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की।

### स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल में हुआ मेधावियों का सम्मान




स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल, गीतापल्ली, आलमबाग में स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को आज सम्मानित किया गया. साथ ही पूरे सत्र में विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया .स्कूल परिसर में संपन्न हुए एक कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक के. के .शुक्ल तथा प्रधानाचार्य सुषमा शुक्ल ने बच्चों को मेडल, शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक के.के शुक्ल ने बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में स्कूल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है लेकिन इसके साथ ही माता-पिता की भूमिका भी बहुत ज्यादा होती है। बच्चों की स्कूली शिक्षा ही उन्हें जीवन में सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचती है। माता-पिता के दिए गए अच्छे संस्कार ही उन्हें भविष्य में एक अच्छा नागरिक और सफल व्यक्ति बनाते हैं। पुरस्कार वितरण समारोह में नर्सरी से कक्षा 5 तक के मेधावी बच्चों एवं चित्रकारी प्रतियोगिता, गीत गायन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# नगर निगम सदन में कांग्रेस-भाजपा पार्षदों के बीच हंगामा

## सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने पर एलएसए व लॉयन एन्वॉयरो से मांगा जवाब



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम सदन की बैठक बुधवार सुबह 9 बजे शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही शहर में वेपटरी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के मुद्दे पर हंगामा शुरू हो गया। निजी कंपनी एलएसए व लॉयन इन्वॉयरो की वजह से शहर में ध्वस्त हो चुकी कूड़ा उठान को लेकर सदन अखाड़ा बन गया। करीब दो घंटे तक चले सदन में निजी कंपनी के प्रतिनिधियों, नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी व पर्यावरण अभियंता से जवाब मांगा गया लेकिन सत्ता व विपक्ष के पार्षदों के बीच ही नोक-झोंक से समस्या को कोई हल नहीं निकल सका।

सदन की बैठक शुरू होते ही कांग्रेस पार्षदे मुकेश सिंह चौहान ने कूड़ा उठान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने कहा पहले पुष्टि पर चर्चा होगी। इस पर दोनों पक्षों में बहस हो गई। पिछले सदन की पुष्टि की कार्यवृत्ति पर सवाल उठाते हुए पार्षद ने कहा उनके व्यक्तव्य हो हटा दिया गया, ऐसा क्यों किया गया। भाजपा पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने भी आपत्ति जताई और उनके व्यक्तव्य को हटाने पर सवाल किया। हंगामे के बाद सोलर पैनल वाले मकानों को टैक्स में छूट न दिए जाने का मामला कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने सदन में रखा। इसी बीच भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि किसी को कुछ नहीं आता, चुनाव चिह्न छाता। इस बात पर महापौर सुषमा खर्कवाल भड़क गईं। उन्होंने नागेंद्र सिंह से कहा कि आपको दिक्कत है तो सदन छोड़कर चले जाइए। वहीं, नागेंद्र सिंह की बात पर भाजपा पार्षद मुन्ना मिश्रा ने कहा कि कोई सदन क्यों छोड़कर चला जाए? हम अपनी बात कहेंगे। इसके बाद नागेंद्र सिंह ने माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने मेयर को नहीं, बल्कि सिस्टम को कहा था। अगर मेयर को बुरा लगा तो इसके लिए वह माफी मांगते हैं। इसके बाद मामला शांत हो गया। इस बीच भाजपा पार्षद सौरभ सिंह मोनू व नामित पार्षद नेहा सिंह ने भी अपनी ही पार्टी के पार्षद के विरोध में उतर आए।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी और पर्यावरण अधिकारी से मांगा जवाब :** कूड़ा उठान में ध्वस्त व्यवस्था पर महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी और पर्यावरण अधिकारी से जवाब मांगा कि असम में चुनाव के चलते निजी संस्था के कर्मियों के जाने से शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हुई। इस पर क्या काम किया गया? नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि स्वीपिंग का काम प्रभावित नहीं हुआ। एलएसए और लायन एनवायरो की जिम्मेदारी पर्यावरण अभियंता की है। पर्यावरण अधिकारी संजीव प्रधान ने कहा कि इसके लिए संस्थाओं को नोटिस जारी किया गया है। पार्षदों ने इस पर कहा कि आपने सिर्फ नोटिस जारी किया और कुछ नहीं किया।

**स्कूल भवनों के पुनर्मूल्यांकन का प्रस्ताव पारित :** शहर के सभी स्कूल भवनों का 15 मई 2026 तक पुनर्मूल्यांकन कराने का प्रस्ताव पास किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सदन में सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की ओर से नगर निगम के स्थायी कर्मचारियों के बच्चों के लिए ट्यूशन फीस में 50 प्रतिशत छूट देने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी टैक्स इंस्पेक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से टैक्स वसूली न कराई जाए।

**सीएम ग्रिड योजना में सड़क निर्माण को मिली मंजूरी :** सदन में सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड, इग्नू रोड क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख मार्गों के निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही गोल मार्केट से कपूरथला चौराहा और रजनीखंड क्षेत्र में भी सड़क विकास कार्यों के लिए धनराशि की किश्तें स्वीकृत की गई। माननीय महापौर ने समस्त जोनल अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि सीएम ग्रिड की सड़कों पर अगर कोई भी अतिक्रमण पाया गया तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**सीवरेज और जल निकासी परियोजनाओं को स्वीकृति :** शहर में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु कई सीवरेज और जल निकासी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। लोहिया नगर, विकास नगर और भवानीगंज वार्ड क्षेत्र में नालों के निर्माण एवं कवरिंग के कार्य को मंजूरी दी गई। इसके अलावा अमौसी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भूमिगत पाइप द्वारा नाला निर्माण कार्य को भी स्वीकृति दी गई।

**तालाब और नदी संरक्षण पर विशेष ध्यान :** बैठक में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तालाबों के सौंदर्यीकरण और संरक्षण से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। आलमनगर वार्ड स्थित घोबीघाट तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य तथा कुकरेल नदी के डिसिल्टिंग कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत की गई।

**उपवन के विकास को मिला विशेष महत्व :** बैठक में शहर के उपवनों और पार्कों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए बजट स्वीकृत किया गया। ग्राम नटकुर के अंतर्गत विभिन्न खसरा नंबरों पर पार्क निर्माण और मियावाकी पद्धति से हरित क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा, पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे।

### दस नामित पार्षदों ने मांगे अधिकार

नगर निगम सदन की बैठक में बुधवार को पहली बार 10 नामित पार्षद भी बैठे। हालांकि इन पार्षदों को बोलने का मौका नहीं मिला। इस बीच नामित पार्षद अखिलेश गिरी गले में हमारे भी अधिकार की तख्ती टांग सदन के बीच आ गए। इस पर मेयर ने कहा कि इसे निकालिए। बता दें कि शासन ने करीब 2 महीने पहले गणेश वर्मा, दीप जायसवाल, रूपचंद अग्रवाल, पंकज बोस, किशन पाल, संतोष सिंह बलखंडी, नेहा सिंह, अखिलेश गिरी, मधुबाला त्रिपाठी और पुरुषोत्तम पुरी को नामित पार्षद बनाया था। बुधवार को सभी सदन की बैठक में मौजूद थे। नियम के मुताबिक नामित पार्षदों को किसी तरह की निधि नहीं मिलती है और न ही वोटिंग करने का अधिकार प्राप्त है।

### यह प्रस्ताव भी हुए पास

- टैक्स वसूली के कार्य में निजी व्यक्ति नहीं लगेंगे
- पार्कों में सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव स्वीकृत
- ट्रांसफर स्टेशनों के निर्माण कार्य को 30 अप्रैल तक होंगे तैयार
- कार्यदायी संस्थाएं 75 प्रतिशत कर्मचारी लोकल स्तर पर भर्ती करें
- 10 महत्वपूर्ण शासनादेश अंगीकृत किये गये

# हैदर कैनाल पर एलिवेटेड रोड से शहर से कनेक्ट होगी वरुण विहार योजना

विशेष संवाददाता (vol)

- 50 मिनट का सफर 20 मिनट में होगा तय
- योजना के 02 सेक्टरों में जून माह से खुलेगा भूखण्डों का पंजीकरण

**लखनऊ।** आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित एलडीए की अब तक की सबसे बड़ी आवासीय योजना वरूण विहार मुख्य शहर से कनेक्ट होगी। इसके लिए हैदर कैनाल के समानांतर लगभग 11 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड विकसित की जाएगी। जिससे हजरतगंज से वरूण विहार का सफर मात्र 20 मिनट में पूरा होगा, जिसे अभी तय करने में 50 मिनट तक का समय लगता है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को वरूण विहार योजना का निरीक्षण करके एलिवेटेड रोड के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जी0एच0 कैनाल के समानांतर इस मास्टर प्लान रोड से शहर के 02 छोर सीधे कनेक्ट होंगे, जिससे यातायात सुगम होगा और योजना की उपयोगिता बढ़ेगी। योजना के 02 सेक्टरों क्रमशः कैलाश खण्ड एवं काशी खण्ड में जून, 2026 में लगभग 2100 भूखण्डों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। उपाध्यक्ष ने इन दोनों सेक्टर व आसपास के क्षेत्र में ले-आउट के अनुसार 60 मीटर, 45 मीटर व 24 मीटर चैड़ी सड़कों के निर्माण के लिए शीघ्र टेंडर कराने के निर्देश दिये हैं। आगरा एक्सप्रेस-वे पर कुल 2664 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वरूण विहार योजना विकसित की जाएगी। जिसके लिए सदर व सरोजनीनगर तहसील के ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने दोना गांव में बने अस्थायी साइट ऑफिस में कैम्प करके अर्जन की कार्रवाई की समीक्षा की। इसमें प्रभारी अधिकारी-अर्जन विराग करवरिया ने अवगत कराया कि अभी तक 853 हेक्टेयर भूमि के सहमति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें से 335 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में हो चुका है। इस पर उपाध्यक्ष ने सेक्टर वार विवरण तैयार करने के निर्देश दिये। जिससे नक्शे में यह स्पष्ट हो सके कि किस सेक्टर में कितनी भूमि खरीदी जा चुकी है और कितनी भूमि के सहमति पत्र मिले हैं। अनंत नगर योजना की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए नादरगंज से टीएस मिश्र विद्यालय, मोहान रोड होते हुए किसान पथ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाना है। जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उपाध्यक्ष ने मौके का निरीक्षण करके जल्द से जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जोनल अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त मार्ग पर स्थित सभी अवैध निमार्णों के खिलाफ नोटिस जारी करके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाए। इस मौके पर मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

## ओटीएस की आवास आयुक्त ने की समीक्षा



**लखनऊ।** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिफॉल्टर आवंटियों को राहत देने तथा बकाया देयताओं के सरल और पारदर्शी निस्तारण के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में शासनादेश के अनुरूप बकायेदारों के चिन्हीकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी डिफॉल्टर आवंटियों की सूची अद्यतन और सटीक रूप से तैयार की जाए। साथ ही बकायेदारों को नोटिस भेजने की प्रगति पर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित कर आवेदकों को योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। सहकारी समितियों के बकाये की वसूली तेज करने तथा प्रभावी कार्ययोजना लागू करने के निर्देश भी दिए गए। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र आवंटी इसका लाभ उठा सकें। बैठक में जनहित पोर्टल पर लंबित म्यूटेशन, फ्रीहोल्ड, डुप्लीकेट आदेश और रिफंड मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। लंबित रजिस्ट्रियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर भी बल दिया गया। इसके अलावा काशीद्वार योजना (वाराणसी), सौमित्र विहार योजना (लखनऊ), परसाखेरा योजना (बरेली), ग्रीन फील्ड टाउनशिप योजना (अयोध्या) तथा प्रतापगढ़ में प्रस्तावित योजना की प्रगति पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## ओपीडी में बढ़ी वायरल फीवर के मरीजों की संख्या

**लखनऊ।** राजधानी के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी। बुधवार को सिविल और बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी मिलाकर मरीजों की संख्या दर्जनों में पहुंच गयी, इनमें बड़ी-छोटी सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे, जो राजधानी के विभिन्न इलाके के रहने वाले थे। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की ओपीडी में नये-पुराने मरीज मिलाकर ढाई हजार से अधिक आते हैं। अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डा. आशुतोष दुबे ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसका प्रमुख कारण मौसम में तेजी से हो रहा बदलाव है। आज एक दर्जन से अधिक मरीज वायरल फीवर की शिकायत लेकर आये, इनमें कइयों में मलेरिया के लक्षण प्रतीक होने पर खून की जांच करायी गयी है। इसी प्रकार बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में क़ई मरीज वायरल फीवर से पीड़ित होकर आये।

## कैंसर संस्थान में अत्याधुनिक एक्सरे इरेडिएटर का उदघाटन

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में मरीजों को और सुरक्षित खून मिलेगा। यहां के इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में अत्याधुनिक एक्सरे इरेडिएटर का उद्घाटन किया गया, इससे कैंसर मरीजों को बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे मरीजों को आधुनिक मरीजों से जांचा-परखा खून मुहैया कराने की दिशा में कैंसर संस्थान प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। ब्लड बैंक में एक्सरे इरेडिएटर मशीन स्थापित की गई है। संस्थान के निदेशक डा. एमएलबी भट्ट के अनुसार नयी तकनीक से कैंसर मरीजों को दिए जाने वाले खून और सुरक्षित व बेहतर होगा। इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू दुबे का कहना है कि एक्सरे इरेडिएटर खून की जांच के बाद भी बचे सूक्ष्म संक्रमण के जोखिम को किरणों से खत्म करने में मद्दगार है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. विजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. वरुण विजय, डीन डा. प्रमोद कुमार गुप्ता और कार्यकारी रजिस्ट्रार डा. आयुष लोहिया समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंसर संस्थान में बजट के बावजूद एचआईएस नहीं हो पाया लागू

- संस्थान प्रशासन को दो कार्यदिवसों में रिपोर्ट शासन को होगी भेजनी

लखनऊ। चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को टाटा मॉडल पर विकसित करने की योजना को तगड़ा झटका लगा है। संस्थान में हॉस्पिटल इनफॉरमेशन सिस्टम (एचआईएस) को विकसित करने में अफसरों ने हीलाहवाली की है। नतीजतन अभी तक संस्थान का ज्यादातर काम मैनुअल हो रहा है। मरीजों की भर्ती-डिस्चार्ज तक ऑनलाइन नहीं हो सका है जबकि शासन ने एचआईएस सिस्टम को विकसित करने के लिए बजट भी जारी किया था। शिकायत के बाद शासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दो कार्यदिवस में संस्थान के निदेशक से रिपोर्ट तलब की है। कैंसर संस्थान में 300 से अधिक बेड पर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। प्रतिदिन ओपीडी में 400 से अधिक मरीज आ रहे हैं। ओपीडी पंजीकरण से लेकर मरीज की भर्ती, डिस्चार्ज, जांच रिपोर्ट आदि मरीजों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की योजना बनी। इसके लिए सरकार ने बजट भी आवंटित किया अफसरों ने एचआईएस को संस्थान में विकसित करने में सुस्ती दिखाई। कंपनी के चयन के लिए टेंडर जारी करने में भी देरी की। नतीजतन वित्तीय वर्ष बीत गए। अभी तक एचआईएस संस्थान में विकसित नहीं हो पाया।

15 अप्रैल को शासन में अनुसचिव ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ल संस्थान के निदेशक से रिपोर्ट तलब की है। शासन ने पत्र में जेम के माध्यम से चार टेंडरों में अनियमित्ता के आरोपों पर रिपोर्ट मांगी है। संस्थान प्रशासन को दो कार्यदिवसों में रिपोर्ट शासन को भेजनी होगी।

### एचआईएस के फायदे

- एचआईएस से अस्पतालों में कामकाज को डिजिटल और आसान बनाने में मदद मिलेगी
- मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री, जांच रिपोर्ट और इलाज का रिकॉर्ड एक जगह सुरक्षित रखा जा सकेगा
- डिजिटल सिस्टम होने से फाइलों और कागजों पर निर्भरता कम होगी। समय और संसाधनों की बचत होगी।
- बेड मैनेजमेंट, बिलिंग, दवाओं का स्टॉक और स्टाफ मैनेजमेंट जैसे काम आसान होंगे
- जल्दी रजिस्ट्रेशन, कम इंतजार और बेहतर सेवा मिलने से मरीजों का अनुभव बेहतर होता है।
- डाक्टरों को रियल टाइम डेटा मिलने से सही और जल्दी निर्णय लेने में मदद मिलेगी। जिससे इलाज अधिक प्रभावी होगा

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

## सूचना

मैं रिटायर्ड सिपाही मो. फारूक सर्विस ना. 6455708 पुत्र मो. मुस्तफा ग्राम-सैफुल्लागंज, थाना गोसाईगंज, तहसील सदर सुल्तानपुर, जिला सुल्तानपुर, का निवासी हूं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम SATIBULNISHA व जन्मतिथि 13/07/1947 लिख गईं हैं जो कि सही नाम SAKIBULNISHA जन्म तिथि 13/07/1947 है

## सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम प्रिन्स यादव व जन्मतिथि 01.01.2005 दर्ज हो गई है, जबकि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी हाईस्कूल अंकपत्र के अनुसार ही सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज किया जाये। **प्रीतम यादव पुत्र श्री जनार्दन यादव नि.- ग्राम पिपरपाती पो.- कानापार, तह. व थाना बासगांव, जनपद गोरखपुर।**

# लखनऊ में भीषण आग, लपटों के बीच फटे सिलेंडर

## विकासनगर में 200 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख, हर तरफ रहा अफरा-तफरी का माहौल, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू







**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** विकासनगर सेक्टर 14 में दो सौ झोपड़ियों में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सिलिंडर और उपकरणों में धमाके होने लगे, जिससे लोग सहम गए। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटीं। दूर-दूर तक धुआं और आग की लपटें दिखाई देती रहीं।

लखनऊ के विकासनगर सेक्टर-14 में बुधवार दोपहर करीब 200 झोपड़ियों में भीषण आग लग गई। आग फैलते ही झोपड़ियों में रखे सिलिंडर और रेफ्रिजरेटर के कंप्रेसर में ताबड़तोड़ धमाके होने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 18 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। दूर-दूर तक धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दीं।

राहत-बचाव कार्य जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

**प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद दिखे :** प्रशासन और पुलिस के उच्च अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। डीसीपी, एडीसीपी और एसडीएम सहित अन्य अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है और जानमाल के नुकसान की भी अभी कोई पुष्टि नहीं है। पुलिस और दमकल अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

**डिप्टी सीएमब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे :** लखनऊ के विकासनगर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद डिप्टी सीएमब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र सेंगर ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाने केलिए जांच की जा रही है। वहीं डीजी फायर सुजीत पांडेय ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है आग कैसे लगी इसका पता लगाया जा रहा है, जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री ने मामले का लिया संज्ञान, दिये निर्देश

भीषण आग पर मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी संसाधनों का पूरा उपयोग करने और स्थिति पर नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं।



## फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**लखनऊ।** आग की सूचना मिलते ही झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे हैं। उनका सारा सामान जलकर राख हो गया है। चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। जिनकी झोपड़ियां जली हैं, वो लोग रो रहे हैं। बार-बार अपनी झोपड़ी में जाने की जिद कर रहे हैं। फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। विकास नगर की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली शमशुनिशां का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना बै कि आग लगने के समय मेरा पूरा परिवार घर में ही था। उनका कोई पता नहीं चल रहा है। मेरा पूरा घर जलकर राख हो गया है। परिवार के लोगों को इधर-उधर खोज रही हूं।

## एसी का कंप्रेशर फटने से आशियाना के रेस्टोरेंट में लगी आग

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र के पावर हाउस चौराहे निकट विवेक प्लाजा में संचालित मोती महल रेस्टोरेंट बुधवार को अचानक आग लग गई और काले धुएं के गुब्बार फ्लोर से फैलने लगे। इस दौरान एसी का कंप्रेशर तेज धमाके से फट गया। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों से पहुंचे दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच आग बुझाने के साथ दो अन्य गाड़ियां बुला डेढ़ घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया है।



इस दौरान रेस्टोरेंट और बैंकुट का संचालन करने वाले मैनेजर अरविंद सिंह ने बताया उक्त रेस्टोरेंट के मालिक शैलेन्द्र यादव है जिस समय आग लगी उस समय रेस्त्रां में चार कर्मचारी मौजूद थे आग लगते ही सभी कर्मचारी बाहर की प्लाजा के बाहर निकल गए। कुछ माह पूर्व ही करीब दो करोड़ रुपये खर्च हो रेस्टोरेंट का रीकंट्रक्शन हुआ था, आग से सबकुछ जलकर नष्ट हो गया।

शाम समय में बैंकुट में पार्टी बुकिंग है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मोती महल रेस्टोरेंट मे लगी आग से किसी प्रकार का कोई जनहानि नहीं हुई है आग लगने का कारणों का ज्ञात किया जा रहा है।

## केंद्रीय उपभोक्ता प्राधिकरण पर 55 सौ का हर्जाना

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुटखा कम्पनियों का प्रचार करने के मामले में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा समय पर जवाब न दिए जाने पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने प्राधिकरण पर 55 सौ रुपये का हजार्ना लगाया है जो याची को दिया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया है। न्यायालय ने प्राधिकरण से 25 नवंबर 2025 को ही पूछा था कि 2023 में याची द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर अब तक जांच लंबित क्यों है। प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जवाबी शपथ पत्र दाखिल कर दिया जाएगा। हालांकि न्यायालय इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुयी। उल्लेखनीय है कि याचिका में गुटखा कंपनियों के साथ-साथ क्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल तथा अभिनेताओं अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, सलमान खान, रितिक रोशन, टाइगर श्राफ, सैफ अली खां व रणवीर सिंह को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है।

**बार एसो. में महिलाओं के भागीदारी के संबंध में मांगा जवाब:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ बार एसोसिएशन की एलडर्स कमेटी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता सोनी शर्मा की ओर से दाखिल उस जनहित याचिका पर दिया, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में बार एसोसिएशनों में महिला पदाधिकारियों की भागीदारी काम से काम 30 प्रतिशत सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। याचिका में कहा गया कि लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव 23 अप्रैल को होने हैं लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन के संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

**अस्पतालों में अग्निशमन उपायों की स्थिति पर होगी सुनवायी :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए, महानिदेशक, फायर सर्विस को पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि वह प्रदेश भर के अस्पतालों का निरीक्षण कराने पर विचार करेगी, जिसमें यह देखा जाएगा कि अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र ठीक से लगे हैं अथवा नहीं।

## ड्रग इंस्पेक्टर भर्ती में राज्य सरकार के नियम हाईकोर्ट ने आंशिक रूप से किया रद्द

● कहा कि भविष्य की भर्तियों में केंद्र सरकार के मानक होंगे लागू

**विधि संवाददाता**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने ड्रग इंस्पेक्टर भर्ती के मामले में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के एक हिस्से को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब इस विषय पर केंद्र सरकार पहले से कानून बना चुकी है तो राज्य सरकार अतिरिक्त योग्यता तय नहीं कर सकती है। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा दाखिल विशेष अपील और अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल रिट याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया है।

कोर्ट ने उत्तर प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग राजपत्रित अधिकारी सेवा नियम, 2015 के नियम 8 के तहत ड्रग इंस्पेक्टर के पद के लिए बनाये गये अनुभव संबंधी अतिरिक्त शर्तों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस पद के लिए योग्यता पहले से ही ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत बने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 में निर्धारित है, जिन्हें केंद्र सरकार ने बनाया है।

पीठ ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय कानून राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियम उससे टकराव की स्थिति में टिक नहीं सकते। हालांकि, अदालत ने पूर्व में की गई भर्तियों को रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने चयनित अभ्यर्थी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मूल योग्यता रखते हैं और कई वर्षों से सेवा में हैं, ऐसे में उन्हें हटाना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने निर्देश दिया कि भविष्य में होने वाली सभी भर्तियों में केवल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित योग्यताओं का ही पालन किया जाए। कोर्ट ने आगे कहा कि जिन याचियों को पहले भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर नहीं मिला था, उन्हें 2025 की चल रही चयन प्रक्रिया में आवेदन करने का मौका दिया जाएगा।

## तकनीक से सशक्त होगी यूपी पुलिस, जेनिथ स्कूल ऑफ एआई से हुआ एएमओयू

● एआई, क्लाउड और सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के सीखेंगे गुर

● 16 सप्ताह की अवधि का होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी एवं डिजिटल क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय तथा जेनिथ स्कूल ऑफ एआई, नई दिल्ली के मध्य बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते का उद्देश्य उत्तर प्रदेश पुलिस कार्मिकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक सॉफ्टवेयर प्रणालियों सहित अन्य उभरती तकनीकों में संरचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

एमओयू के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 सप्ताह की अवधि का होगा, जिसमें कुल 32 सत्र आयोजित किए जाएंगे। जेनिथ स्कूल ऑफ एआई द्वारा इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस के चयनित 50 कार्मिकों एवं 10 अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे अक और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के आधुनिक उपयोगों को समझकर अपने कार्य में और अधिक दक्ष बन सकें।

इस सहयोग के माध्यम से पुलिस कार्मिकों को एआई एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियों का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, जिससे संगठन की कार्यकुशलता और नवाचार क्षमता में वृद्धि होगी। इसी दिशा में अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएँ नवीन अरोरा एवं जेनिथ स्कूल ऑफ एआई के अनूप गर्ग द्वारा (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप प्रदान किया गया। इसे मूर्त रूप देने में तकनीकी सेवाएं आशीष तिवारी ने सार्थक भूमिका निभाई है।

## गैंगस्टर आरोपी बिल्डर की करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**लखनऊ।** मोहनलालगंज व नगराम पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी जालसाज भाइयों व उनके संगठन के लोगों की 5.78 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बुधवार को कुर्क कर ली। जालसाज के आरोपी भाइयों ने लोगों को सस्ते दाम पर जमीन देने का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़प लिये थे।

एचके इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विनोद उपाध्याय व उनके भाई प्रमोद उपाध्याय ने मोहनलालगंज के कान्हा उपवन में सैनिको व पूर्व सैनिको को सस्ते दाम में प्लॉट बेचने का लालच देकर दर्जनों प्लाट बेचे थे। प्लॉट खरीदने वालों को कब्जे नही मिले। जिस पर दोनों भाइयों पर जालसाजी सहित अन्य मामलों को लेकर राजधानी के थानों में 66 मुकदमे दर्ज हुए। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने के बाद गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि कुर्क सम्पत्ति की कीमत पांच करोड़ अहठत्तर लाख साठ हजार दो सौ पचास रुपये है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सतवारी विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सतवारी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सतवारी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 21.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सतवारी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सतवारी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सतवारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **अली हुसैन** | **श्रद्धा श्रीवास्तव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत सतवारी** | **ग्राम पंचायत सतवारी** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहुआ विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत रोहुआ विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 23.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय रोहुआ के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 23.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत रोहुआ के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत रोहुआ कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत रोहुआ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **चांदमती** | **दीनानाथ पांडेय** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत रोहुआ** | **ग्राम पंचायत रोहुआ** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत गेंगटा विकास खण्ड खेसरहा जनपद - सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत गेंगटा विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 24.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय गेंगटा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 24.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गेंगटा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत गेंगटा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत गेंगटा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **आसिया खातून** | **श्री विकास चौधरी** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत गेंगटा** | **ग्राम पंचायत गेंगटा** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत भावपुर विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत भावपुर विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय भावपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भावपुर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत भावपुर कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत भावपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **सगीता** | **श्रीमती पंचराजी देवी** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत भावपुर** | **ग्राम पंचायत भावपुर** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

# अपनी फिल्मों के जरिए लोगों को हंसाना पसंद है : वरुण शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंजाब के जालंधर से आया एक लड़का, उम्र सिर्फ 35 साल है। लेकिन सपने बहुत बड़े हैं। भला हो भी क्यों ना, जिन फिल्मी सितारों को उसने सिर्फ पत्र-पत्रिकाओं और फिल्मों में देखा था, आज उन्हीं के साथ पर्दे पर साथ काम करने का मौका मिल रहा है। मगर यह सब रातों -रात नहीं हुआ। इंडस्ट्री में आने और यहां आकर अपनी पहचान बनाने के लिए उसने लंबा संघर्ष किया।

किस्मत ने मौका दिया और 2013 में आई पहली ही फिल्म 'फुकरे' ने उसकी जिंदगी बदल दी। दर्शक आज 13 साल बाद भी उसे 'चूचा' बुलाते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं एक्टर वरुण शर्मा की, जिनकी हाल ही में नई फिल्म 'राहु केतु' रिलीज हुई है। एक कॉमिक एक्टर के रूप में वरुण शर्मा अपनी हर भूमिका में सराहे गए हैं। उनकी कॉमिक इमेज इतनी स्ट्रॉन्ग है कि रील हो या रियल लाइफ हर जगह उनसे कॉमिडी की उम्मीद की जाती है। वरुण इससे खुश भी हैं। वह कहते हैं, 'मुझे लोगों को हंसाना पसंद है। लोग कहते हैं कि मैं टाइपकास्ट हो जाऊंगा, मगर मेरी कोशिश यही रहती है कि मैं लगातार लोगों का मनोरंजन करता रहूं।'

**'मम्मी को फोन कर कहता था, पैसे खत्म हो गए हैं:** आज वरुण शर्मा के लिए रोल लिखे जाते हैं, मगर स्ट्रगल तो उन्होंने भी किया है। वह बताते हैं, 'मैं जालंधर से आया हुआ लड़का था, जिसने फिल्मी कलाकारों को सिर्फ मैगजीन में ही देखा ही था। ये सभी स्टार्स मेरे लिए आसमान के सितारों की तरह हुआ करते थे। मगर यहां आने के बाद इंडस्ट्री ने मुझे भर-भरकर मौके दिए। हालांकि मैं रिजेक्शन के दौर से भी गुजरा।

'फुकरे' से पहले, जब मैं थिएटर किया करता था, तो 'अश्वत्थामा' और 'अंधा युग' जैसे हार्डकोर और इंटेंस नाटकों में काम करता था। मैंने कास्टिंग डायरेक्टर का काम भी किया है। शुरूआती दिनों में मुझे काफी रिजेक्शन झेलना पड़ा। एक बार तो मेन रोल का भरोसा दिलाकर अंत में जूनियर आर्टिस्ट का छोटा-सा किरदार पकड़ा दिया गया। ऑडिशन पर ऑडिशन होते थे और रिजेक्शन भी लगातार मिलते थे। 'नेक्स्ट टाइम, नेक्स्ट टाइम' सुनते-सुनते मैं थक जाता। फिर मैं घर लौट आता और मम्मी को फोन करके कहता, 'पैसे खत्म हो गए हैं, थोड़ा भेज दो ना।' मम्मी पैसे भेज देती थीं।'

**मैंने कभी कोई टॉक्सिसिटी नहीं सही:** वरुण कहते हैं कि उन्होंने कॉमेडी की शुरूआत 'फुकरे' के साथ ही की। उन्होंने कहा, 'कॉमेडी मैंने 'फुकरे' से ही शुरू की। लोगों ने इन किरदारों को अपना लिया और भरपूर प्यार भी दिया। दो हीरो और तीन हीरो फिल्मों का दौर ने मुझ जैसे अदाकार के लिए मौके क्रिएट किए। मेरे लिए भूमिकाएं लिखी जाने लगीं। मैं आज शाहरुख खान, काजोल से लेकर कई बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ काम कर चुका हूं। मेरे लिए इंडस्ट्री बहुत वेलकमिंग रही। मैंने कभी कोई टॉक्सिसिटी नहीं सही।

**मां को समय देना, मेरा सबसे बड़ा लाइफ लेसन है:** सभी जानते हैं कि वरुण की मम्मी उनकी बहुत बड़ी सपोर्ट सिस्टम रही हैं। वह बताते हैं, 'वक्त के साथ मैं अपनी जिंदगी और करियर का एक सबक तो सीख चुका हूं, जिस पर मैं इंप्लिमेंट भी कर रहा हूं और वो है कि उनसे बात करना कितना जरूरी होता है। मैं आज किसी को भी उनके फोन लॉग चेक करने कहूं, तो समझ आएगा कि आपने अपने काम से संबंधित लोगों या दोस्तों से अगर आठ-दस मिनट बात की होगी, तो अपनी मां से एक मिनट भी नहीं। आप हर बार यही कहकर फोन रख देते हैं, 'हां खाना खा लिया, अभी करता हूं, मीटिंग में हूं, रात को बात करता हूं' वो कॉल लॉग जो है, वो सबसे ज्यादा आपकी मां, भाई-बहन पर परिवार वालों के साथ होनी चाहिए, क्योंकि उन्हीं के साथ और ब्लेसिंग से आप यहां तक पहुंचे हैं। आपको उनको रोजाना, हमेशा वक्त देना होगा। ये मेरी लाइफ का सबसे बड़ा लेसन है, जिसे मैं भी समझते -समझते समझा हूं।'

**आज लोग अपनी अंदर की बातें एआई से करने लगे हैं:** व्यवहार और रिश्तों पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वरुण कहते हैं, 'आज जो सबसे डरावनी चीज है कि हमने लोगों से बात करना छोड़ दिया है। हम एक इंसान के बजाय अकपर ज्यादा भरोसा करते हैं। आज हम अपने इमोशन्स, डर और इनसिक्योरिटीज को अकके साथ शेयर करने लगे हैं। मेरे कई दोस्तों ने बताया कि वे कैसे अकसे अपनी समस्याओं का समाधान जान रहे हैं। ये हम सभी के लिए अलार्मिंग है। मुझे लगता है, आज के दौर में जो हम लोगों में कम्युनिकेशन गैप हुआ है और हम लोग बात नहीं करते, अपने सोशल मीडिया स्टेटस के जरिए सूचनाएं पहुंचाते हैं, वो ठीक नहीं है। ऐसे में हमारे अंदर बहुत कुछ जमा होता जाता है, जो स्ट्रेस, डिप्रेशन या किसी अटैक के जरिए एक बार में ही बहुत खतरनाक होकर निकल सकता है। जाहिर है, वो कहीं न कहीं तो जरूर निकलेगा ही। जार जीव को चाहे वो पशु-पक्षी हो या इंसान कम्युनिकेशन स्किल्स इसीलिए मिली है कि वे आपस में बात कर सकें। इसका इस्तेमाल बहुत जरूरी है।

## संक्षिप्त वीडियो आधारित मनोरंजन के साथ इनप्ले ओटीटी की शुरुआत

**लखनऊ।** भारत के तेजी से बदलते डिजिटल मनोरंजन परिदृश्य में इनप्ले ओटीटी ने अपनी औपचारिक शुरूआत के साथ ही दर्शकों के बीच तेजी से पहचान बनानी शुरू कर दी है। छोटे, आकर्षक और मोबाइल-अनुकूल कार्यक्रमों पर केंद्रित यह मंच वर्तमान दर्शक रुचियों के अनुरूप नई प्रस्तुति लेकर आया है। इस प्लेटफार्म में लखनऊ से जुड़े लोग भी सम्मिलित हैं। इसकी प्रमुख विशेषता वर्टिकल ड्रामा फॉर्मेट है जिसमें 1 से 2 मिनट के संक्षिप्त एपिसोड प्रस्तुत किए जाते हैं। प्रत्येक कड़ी को प्रभावशाली कथानक, तीव्र गति और रोचक मोड़ के साथ तैयार किया गया है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बनी रहती है। इनप्ले ओटीटी पर हिंदी, भोजपुरी और गुजराती भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों को उनकी अपनी भाषा में मनोरंजन सुलभ हो सके। इसी क्रम में मंच की बहुप्रतीक्षित श्रृंखला 'मल्होत्रा हाउस के रहस्य' 17 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है। रहस्य और रोमांच से भरपूर इस श्रृंखला में एक समृद्ध परिवार के भीतर छिपे रहस्यों और संबंधों की परतों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है जिसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता देखी जा रही है।

इनप्ले द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 12 अप्रैल से मंच पर विभिन्न कार्यक्रम प्रसारित हो रहे हैं जिन्हें दर्शक अपने मोबाइल फोन पर सहजता से देख सकते हैं। मंच पर दर्शकों के लिए फिल्में, वर्टिकल ड्रामा श्रृंखलाएं तथा संगीत एकल जैसी विविध श्रेणियों की सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध है, जिससे उन्हें निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन प्राप्त होता है। आने वाले समय में मंच नए गुणों, अधिक भाषाओं तथा विविध सामग्री श्रेणियों के साथ अपने विस्तार की दिशा में कार्य कर रहा है, जिससे दर्शकों को और अधिक समृद्ध अनुभव मिल सके। डिजिटल मनोरंजन के इस नए दौर में इनप्ले ओटीटी एक उभरते हुए और संभावनाशील मंच के रूप में अपनी पहचान बना रहा है जो बदलती दर्शक रुचियों के अनुरूप है।

# पापों का नाश करने वाली मोहिनी एकादशी 27 को, होगी श्रीहरि की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत किया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मोहिनी एकादशी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 26 अप्रैल को शाम 06 बजकर 06 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, तिथि का समापन 27 अप्रैल को शाम 06 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में 27 अप्रैल को मोहिनी एकादशी मनाई जाएगी।

**व्रत कथा का पाठ करें:** यह व्रत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। व्रत कथा भगवान विष्णु द्वारा भस्मासुर को पराजित करने के आध्यात्मिक हस्तक्षेप के महत्व को दशार्ती है। आप व्रत कथा को पढ़ या सुन सकते हैं, और ऐसा माना जाता है कि इससे अपार आशीर्वाद प्राप्त होता है। जब मैंने पहली बार व्रत किया, तो यह एक अत्यंत शांतिदायक अनुभव था। मुझे भगवान विष्णु से जुड़ाव महसूस हुआ और इससे मुझे मन की शांति मिली।

**मोहिनी एकादशी के आध्यात्मिक लाभ:** आध्यात्मिक लाभों के बारे में बात करते हैं। अगर आप सोच रहे हैं कि इस व्रत को रखने से क्या लाभ होता है, तो जानिए: मोहिनी एकादशी मन और आत्मा को शुद्ध करती है। इस दिन व्रत रखने से आपके विचार शुद्ध होते हैं और आपके जीवन में सकारात्मकता आती है। ऐसा माना जाता है कि व्रत रखने से सभी पाप क्षमा हो जाते हैं और आपको भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मैंने स्वयं इसका अनुभव किया है। मोहिनी एकादशी का व्रत करने के बाद, मुझे आध्यात्मिक उत्थान का अनुभव हुआ और अनावश्यक चिंताओं से मुक्ति मिली। यह मन और आत्मा के लिए एक ताजगी जैसा है। लोगों का मानना है कि इस व्रत को करने से आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त होती है और समृद्धि सुनिश्चित होती है। यदि आप पहली बार मोहिनी एकादशी का व्रत कर रहे हैं, तो मेरा सुझाव है कि आप धीरे-धीरे शुरूआत करें और एक साधारण व्रत रखें। अपनी प्रार्थनाओं पर ध्यान केंद्रित करें और हर अनुष्ठान को पूर्णतः करने का तनाव न लें। मुख्य बात यह है कि अपनी भक्ति और निष्ठा के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करें। भले ही आप पूर्ण व्रत न रख पाएं, व्रत कथा का पाठ और प्रार्थना करने से आपके जीवन में आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मोहिनी एकादशी व्रत की पूजा-विधि:** इस पावन दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। स्नान करने के बाद साफ-स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद घर के मंदिर की साफ- सफाई करने के बाद घी का दीपक प्रज्वलित करें। विष्णु भगवान का गंगा जल से अभिषेक करें। इसके बाद विष्णु भगवान को साफ- स्वच्छ वस्त्र पहनाएं। विष्णु भगवान की आरती करें और भोग लगाएं। विष्णु भगवान के भोग में तुलसी को जरूर शामिल करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बिना तुलसी के विष्णु भगवान भोग स्वीकार नहीं करते हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जा सकता है। इस पावन दिन सात्विक भोजन करना चाहिए। एकादशी के दिन मांस- मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। इस दिन पहले भगवान को भोग लगाएं, उसके बाद ही भोजन ग्रहण करें। एकादशी के दिन चावल का सेवन नहीं करना चाहिए। इस दिन चावल का सेवन करना अशुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दान करने से कई गुना फल की प्राप्ति होती है। इस पावन दिन अपनी क्षमता के अनुसार दान जरूर करें।

### मोहिनी एकादशी 2026 व्रत पारण का समय

द्वादशी तिथि पर व्रत का पारण करने का समय सुबह 05 बजकर 43 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 21 मिनट तक है। इस दौरान किसी भी समय व्रत का पारण किया जा सकता है। इसके बाद अन्न-धन आदि चीजों का दान करें।

- **ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 17 मिनट से 05 बजकर 01 मिनट तक**
- **विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 31 मिनट से 03 बजकर 23 मिनट तक**
- **गोधूलि मुहूर्त – शाम 06 बजकर 53 मिनट से 07 बजकर 14 मिनट तक**
- **निशिता मुहूर्त – रात 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 40 मिनट तक**

## अक्षय तृतीया पर बनेंगे पंचमहापुरुष, त्रिपुष्कर, सर्वार्थ सिद्धि योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया कहा जाता है। अक्षय तृतीया को परम पवित्र माना जाता है क्योंकि इस दिन किसी मुहूर्त या कल की आवश्यकता नहीं है फिर भी यदि शुभ चौघड़िया एवं शुभ मुहूर्त में किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत किया जाए तो उसका परिणाम अक्षय प्राप्त होता है साथ ही साथ दान पुण्य का भी इस दिन विशेष महत्व माना जाता है । श्री हरि विष्णु के मानव अवतार भगवान परशुराम की जयंती प्रदोष काल में तृतीया तिथि 19 अप्रैल दिन रविवार को मिलने के कारण 19 अप्रैल दिन रविवार को ही मनाई जाएगी। जबकि उदयकालिक तृतीया तिथि 20 अप्रैल दिन सोमवार को होगा। क्योंकि तृतीया तिथि का आरंभ 19 अप्रैल दिन रविवार को दिन में 1:01 बजे से आरंभ होगा, जो 20 अप्रैल दिन सोमवार को दिन में 10:40 बजे तक व्याप्त रहेगा। ऐसी स्थिति में प्रदोष कालीन तृतीया तिथि 19 अप्रैल को एवं उदय कालिक तृतीया तिथि 20 अप्रैल को होगा ।

**अक्षय तृतीया पर कौन-कौन से योग:** 19 अप्रैल को कृतिका नक्षत्र दिन में 9:11 बजे से आरंभ होगा, जो 20 अप्रैल दिन सोमवार को सुबह 7:36 बजे तक व्याप्त रहेगा। उसके बाद रोहिणी नक्षत्र आरंभ हो जाएगा। 19 अप्रैल को आयुष्मान योग रात में 10:42 बजे तक व्याप्त रहेगा। उसके बाद सौभाग्य योग आरंभ हो जाएगा। जो 20 अप्रैल को रात में 7:38 बजे तक व्याप्त रहेगा। इस प्रकार इस वर्ष तृतीया तिथि में आयुष्मान एवं सौभाग्य योग व्याप्त रहेगा। जो शुभ फल प्रदायक होगा। चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में दैत्यगुरु शुक्र के साथ मालव्य नामक पंचमहापुरुष राजयोग का निर्माण करते हुए गोचरीय संचरण करेगा । साथ ही कर्म फल प्रदायक ग्रह शनि मीन राशि में रहेगे। इस दिन ग्रहो की स्थिति अत्यंत ही शुभकारक एवं प्रभावकारी बन रही है। ग्रहों की स्थिति के आधार पर देखा जाए तो मालव्य नामक पंच महापुरुष योग का निर्माण हो रहा है। सूर्य अपने उच्च राशि मेष में गोचर करेंगे। चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में होंगे। देवगुरु बृहस्पति अपने उच्चाभिलाषीसे स्थिति में विद्यमान रहकर इस दिन के शुभता में वृद्धि करेंगे। 19 अप्रैल को प्रदोष व्यापिनी तृतीया तिथि में त्रिपुष्कर योग प्राप्त रहेगा। जबकि 20 अप्रैल को सुबह 7:36 बजे के बाद सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवि योग व्याप्त रहेगा। इसके साथ ही शनि देव पूर्व दिशा में उदित भी हो जाएंगे।

# 'लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' का आगाज

## वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और अयूब खान ने किया उद्घाटन

- **दर्जन भर फीचर फिल्मो की स्क्रीनिंग की गई, उत्साहित दिखे निर्माता**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में कला और सिनेमा के महाकुंभ 'लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ' का आगाज बुधवार 15 अप्रैल को सुबह धूमधाम से हुआ। इस प्रतिष्ठित समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और फेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक आयूब खान ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।

उद्घाटन समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात, भारतीय सिनेमा की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले जी को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फेस्टिवल के पहले दिन ज्यूरी द्वारा चयनित कुल 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई, जो देर रात तक चली। प्रदर्शित प्रमुख फिल्मों में जसवंत सिंह झज्ज द्वारा निर्मित और अमरदीप सिंह गिल द्वारा निर्देशित फिल्म 'पाणी द वॉटर', श्रीमती आशा सकलानी द्वारा निर्मित व देबू रावत द्वारा निर्देशित फिल्म 'निखान्या जोग', ओमकार राउत द्वारा निर्मित और जतिंदर सैराज निर्देशित 'मिशन परफॉरमेंस', आतिश कुमार राउत की फिल्म 'आरव' (निर्देशिका सुश्री सबिता), तथा चरणपाल सिंह की 'लॉर्ड्स सिग्नल' शामिल रहीं।

इस अवसर पर फिल्म जगत के नामचीन कलाकार, निमार्ता, निर्देशक और तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे, जिन्होंने दर्शकों के साथ सिनेमाई बारीकियों पर चर्चा की। आयोजन के संस्थापक आयूब खान ने बताया कि यह फेस्टिवल विश्व सिनेमा और स्थानीय प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करने का एक निरंतर प्रयास है। उन्होंने बताया कि अब यह फेस्टिवल प्रति वर्ष आयोजित किया जायेगा।

## निरहुआ की 'पटना से पाकिस्तान 2' का फर्स्ट लुक जारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, चर्चित प्रोड्यूसर प्रेम राय और निर्देशक अनंजय रघुराज अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। फिल्म का 'फर्स्ट लुकट जारी कर दिया गया है, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले भाग की अपार सफलता के बाद अब इसका सीक्वल और भी बड़े कैनवास, दमदार कहानी और भव्य प्रस्तुति के साथ दर्शकों के सामने आने वाला है।

फिल्म का पहला पार्ट बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था, जिसके बाद से ही दर्शक इसके दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निमार्ताओं का दावा है कि 'पटना से पाकिस्तान 2' पहले से ज्यादा एक्शन, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर होगी। बताया गया है कि 'हर फ्रेम में मेहनत और हर सीन में इमोशन' की थीम के साथ फिल्म को बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है। इस बार फिल्म में भोजपुरी सुपरस्टार निरहुआ लीड रोल में नजर आएंगे। उनके साथ सेजल साहू, सपना चौहान, मीर सरवर, सुशील सिंह, मनोज टाइगर, संजय पांडेय, अमित शुक्ला, साहिल सिद्दीकी, विकास मेहता, भूपेंद्र सिंह, शंभू राणा और धामा वर्मा जैसे कई अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इतनी बड़ी स्टारकास्ट फिल्म को और भी खास बनाती है। फिल्म को लेकर निरहुआ ने कहा कि 'पटना से पाकिस्तान 2' उनके लिए बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसका पहला भाग दर्शकों के अपार प्रेम से ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस बार फिल्म और भी बड़े पैमाने, दमदार कहानी और जबरदस्त एक्शन के साथ तैयार की जा रही है, जिसमें दर्शकों को इमोशन, देशभक्ति और मनोरंजन का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। निरहुआ ने विश्वास जताया कि दर्शक इस फिल्म को भी उतना ही प्यार देंगे और यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में एक नया मुकाम स्थापित करेगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में भव्यता और एक्शन की झलक साफ दिखाई देती है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच सकती है। इस फर्स्ट लुक को देखकर लोगों ने कहा, 'पोस्टर देखकर लग रहा है कि ये सुपरहिट होगी।' एक ने कहा- भोजपुरी फिल्मों का राजा है ये। कुछ लोग इसकी तुलना 'धुरंधर' से भी कर रहे हैं। एक ने कहा है- पोस्टर देखकर भोजपुरी धुरंधर जैसा फील आ रहा। निमार्ता प्रेम राय ने कहा कि 'पटना से पाकिस्तान 2' को बेहद भव्य स्तर पर तैयार किया जा रहा है और यह फिल्म हर मायने में पहले भाग से बड़ी और बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि दर्शकों की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए कहानी, तकनीक और प्रस्तुति पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि उन्हें एक शानदार सिनेमाई अनुभव मिल सके।

## छोटे शहर के मिलेनियल प्रेम की मार्मिक कथा है 'जमुनापार वाली मोहब्बत'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर दौर के प्रेम का अपना एक अलग स्वाद होता है। निर्देशक और लेखक शरद त्रिपाठी का उपन्यास जमुनापार वाली मोहब्बत मिलेनियल प्रेमी झ चंदर और संध्या झ की प्रेमकथा है, जो 90 के अंतिम वर्षों और 2000 के शुरूआती दशक में घटित होती है और एक पूरी पीढ़ी की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है। यह वही दौर था जब 2003 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में भारत की हार ने युवाओं को ऐसा सदमा दिया था, जिसे भुलाना लंबे समय तक आसान नहीं था। यही घटना इस उपन्यास की एक रोचक पृष्ठभूमि भी बनती है, इसलिए यह प्रेमकथा उस समय की स्मृतियों को अपने भीतर समेटे हुए है।

चंदर की नजर से कही गई यह कहानी छोटे शहर के प्रेम की बारीकियों का बेहद सटीक चित्रण करती है झ प्रेमिका का बस एक बार चेहरा देख भर लेना, खत लिखना, प्रेम-प्रसंग में नाम उछल जाने का डर, और वह दोस्त जो आपके प्रेमी को भाभी या जीजा कहकर छेड़ता है। इसी वजह से चंदर का मित्र कोतवाल सिंह किसी पुराने, बिछड़े दोस्त जैसा लगता है, जो परिस्थितियों के कारण समय के साथ पीछे छूट जाता है। स्पष्ट है कि चंदर का नाम उसके पिता के धर्मवीर भारती-प्रेम से आया है; भारती के प्रतिष्ठित उपन्यास गुनाहों का देवता के नायक से प्रेरित। त्रिपाठी का यह उपन्यास कई मायनों में भारती के लिए एक प्रेम-कविता भी है, क्योंकि इस कथा का समय वही है जब गुनाहों का देवता युवाओं की विरासत हुआ करता था; एक ऐसा रोमांस, जिसे बार-बार जिया जाया जा रहा है, और जिस तरह पिछली पीढ़ियाँ उससे जुड़ी थीं, उसी तरह एक नई पीढ़ी भी उसके जादू को महसूस कर रही थी। इस उपन्यास में त्रिपाठी ने प्रयागराज को एक जीवंत पात्र की तरह गढ़ा है। उसकी गलियों, मंदिरों, घाटों और दुकानों से होती हुई कहानी पाठक के दिल तक पहुँचती है। शहर छोड़ने की क्रिया और उसके साथ जुड़े एक किस्म के विलोपन को भी उन्होंने भावपूर्ण ढंग से पकड़ा है; जैसे चंदर के पिता का वाराणसी चले जाना, उसके भाइयों का शहर छोड़ देना, संध्या का भी शहर छोड़ना लेकिन चंदर का शहर में ही रहना। ये उपन्यास प्रयागराज के सिवाय कहीं और घटित हो, ऐसी परिकल्पना थोड़ी मुश्किल है क्यूंकि धर्मवीर भारती का चंदर और शरद त्रिपाठी का चंदर दोनों प्रयागराज में हीं बसते हैं और उन्हें वहाँ से कहीं और ले जाना उनके चरित्र को छीन लेने जैसा है। जमुनापार वाली मोहब्बत प्रेम को एक पूरी पीढ़ी के निजी अनुभवों के साथ जोड़ती है। किशोरावस्था और तरुणाई की यादें अक्सर गहरे स्तर पर दर्ज होती हैं।

# एक्शन ड्रामा से भरपूर है प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रियंका चोपड़ा जोनस की एक्शन-थ्रलिर फिल्म 'द ब्लफ' अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में रही है। इस फिल्म ने प्रियंका को एक फुल-स्केल एक्शन स्टार के तौर पर डिजाइन किया है। तलवारबाजी से लेकर चाकुओं से लड़ाई तक, वह पूरे भरोसे और मकसद के साथ आगे बढ़ती हैं। उन्हें देखकर लगता है कि इस रोल के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है।

हालांकि, फिल्म कहानी के मोर्चे पर बहुत दमदार नहीं है, लेकिन जब भी प्रियंका स्क्रीन पर होती हैं, दिलचस्पी बनी रहती है। फिल्म की कहानी 1846 में केमैन ब्रैक पर सेट है। यह एर्सेल (प्रियंका चोपड़ा जोनस) के बारे में है, जो एक पुरानी समुद्री डाकू है और अपने परिवार के साथ चुपचाप रहती है। अपने हिंसक अतीत को पीछे छोड़ एर्सेल अब अपने देखभाल करने वाले पति, छोटे बेटे आइजैक (वेदांतेन नायडू) और अपनी ननद (साफिया ओकले-ग्रीन) के साथ एक शांत जिंदगी जी रही है। परिवार को यह नहीं पता कि एर्सेल कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू थी। एर्सेल ने पिछली जिंदगी में, कैप्टन फ्रांसिस्को कॉनर के साथ काम किया था और दोनों के बीच भरोसे, महत्वकांक्षा और धोखे की बिसात पर बना एक मुश्किल रिश्ता था। उनकी यह पार्टनरशिप तब खत्म हो गई, जब एर्सेल सोना लेकर गायब हो गई, और लूट के बजाय शांति को चुना। लेकिन कहानी तब बदल जाती है जब फ्रांसिस्को उसे ढूंढता है और अपनी खोई हुई दौलत की तलाश में केमैन ब्रैक पहुंचता है। एर्सेल की शांत दुनिया अब टूटने लगती है। इसके बाद कहानी बीते हुए कल, और वर्तमान की लड़ाई में बदल जाती है। प्यार, परिवार, सबकुछ दांव पर लग जाता है। एर्सेल को मजबूरी में अपने वर्तमान को बचाने के लिए बीती जिंदगी वाले अंदाज में वापस लौटना पड़ता है। डायरेक्टर फ्रैंक ई. फ्लावर्स ने लेयर्ड स्टोरीटेलिंग की बजाय विजुअल स्केल और एक्शन पर जोर दिया है। फल्मि में कैरिबियन पानी में जहाजों, घने जंगलों, छिपी हुई गुफाओं और लड़ाई के सीन की शानदार झलक है। सिनेमैटोग्राफी और प्रोडक्शन डिजाइन जैसे टेक्निकल पहलू फल्मि को एक बेजोड़ जमीन देते हैं। लेकिन इस जमीन के नीचे, कहानी बेहद कमजोर लगती है। एर्सेल और कॉनर के बीच के इतिहास का जिक्र तो है, लेकिन उसे कभी पूरी तरह से एक्सप्लोर नहीं किया गया। अगर स्क्रिप्ट में उनके अतीत को बनाने में समय लगाया गया होता, तो उनका यह इमोशनल क्लैश और ज्यादा असरदार हो सकता था। इसी तरह, फ्रांसिस्को कॉनर और एर्सेल के कारण उसके पति बोडेन का तनाव दिखाया गया है, लेकिन उसे भी पूरी तरह से डवलप नहीं किया गया है। इन रिश्तों में ड्रामा को बेहतर बनाने का पोटेंशियल था, लेकिन फल्मि इसमें गहराई से उतरने की बजाय रफ्तार को चुनती है। इन कमियों के बावजूद, प्रियंका चोपड़ा ने पूरे भरोसे के साथ फल्मि को संभाला है। वह एक्शन सीन को आसानी से हैंडल करती हैं और फैमिली वाले इमोशनल सीन्स में भी अपनापन लाती हैं। उनकी परफॉर्मेंस एक अनुभवी एक्टर जैसी है, जो किरदार की बारीकी को समझती है। कैप्टन कॉनर के रोल में कार्ल अर्बन ने एक विलेन होने का वादा पूरा किया है। हालांकि स्क्रिप्ट में उन्हें एक्सप्लोर करने के लिए काफी लेयर्स नहीं हैं।

- **ऐक्टर: प्रियंका चोपड़ा, कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफयि ओकले-ग्रीन, टेमुएरा मॉरिसन**
- **डायरेक्टर: फ्रैंक ई. फ्लावर्स**

**रेटिंग-3.5/5**

संक्षेप

## नामांकन बढ़ाने के लिए राही बीईओ ने सेक्रेटरी संग की बैठक

रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए बुधवार को राही के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौड़ की अध्यक्षता में स्कूल चलो अभियान के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में राही के खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा द्वारा परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढाने हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। विकास खंड में शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलाव के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया, साथ ही विभाग में मिलने वाली समस्त योजनाओं की जानकारी दी गयी। खंड विकास अधिकारी गौरी राठौड़ ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने व विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रमाकांत पाण्डेय सीडीपीओ व अविनाश चन्द्र सोनकर, सुधीर कुमार, संजय प्रताप, राजकुमार सिंह, नंदिनी सिंह, विजय प्रताप सिंह, रणवीर सिंह, हंसराज सिंह, आशुतोष गुप्ता, अंकित मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, आलोक रंजन सिंह आदि ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

## मजदूरों को जबरन बंधक बनाने का आरोप

रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे शीतलाबख्श मजरे मधुकरपुर गांव की एक महिला ने गाजीपुर के ईंट भट्ठा मुनीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि मुनीम ने उसके पति समेत कई मजदूरों को बंधक बना लिया है। गांव निवासी रामरती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पति रनबहादुर ईंट भट्ठे पर मिस्त्री का काम करते हैं। वह गांव और आसपास के राजकुमार, करन, राकेश और रिंकू को भी अपने साथ मजदूरी के लिए लेकर गए थे। महिला ने बताया कि भट्ठा मुनीम मजदूरों के साथ मारपीट कर रहा है। उन्हें वापस आने नहीं दिया जा रहा है। यह जानकारी पति ने उसे फोन पर दी जिससे वह बेहद परेशान है। रामरती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर पति और अन्य मजदूरों को मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

# छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी

### निमिषा कावेंट स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



सलोन रायबरेली। निमिषा कावेंट स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें कक्षा दसवीं के बच्चों का परिणाम शत-परिशत रहा। कक्षा दस में रिया मौर्या 97प्रतिषत, यश कुमार 96.4 प्रतिषत, शुभी गुप्ता 95 प्रतिषत, अंशी ओझा 92 प्रतिषत, आर्या त्रिपाठी 92 प्रतिषत, इशिता त्रिपाठी 92 प्रतिषत, प्राची वर्मा 91 प्रतिषत व स्वप्निल सिंह ने 91 प्रतिषत, विकाश वर्मा 90 प्रतिषत, अबूजर सिद्दीकी 89 प्रतिषत, प्रतिज्ञा 84.4 प्रतिषत, अनामिका सिंह 88.2 प्रतिषत, अंश विश्वकर्मा 88 प्रतिषत, शुभी मिश्रा 87.4 प्रतिषत, रौनक 86 प्रतिषत,कार्तिक अग्रहरि 85.4 प्रतिषत, शौर्य 85 प्रतिषत, मनु 85 प्रतिषत, नैतिक गुप्ता 85 प्रतिषत, त्रिशा सिंह 84.4 प्रतिषत, नवीन शुक्ला 83.8 प्रतिषत, अलवरा अजीज 83.6 प्रतिषत, कृष्णा सिंह 83 प्रतिषत, आयुषी सिंह 82.2 प्रतिषत, निर्भय सिंह 82 प्रतिषत, अंश प्रताप सिंह 81 प्रतिषत, श्रेया मौर्या 80.4 प्रतिषत, श्रेया जायसवाल 80.2 प्रतिषत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रबंधक विवेक शुक्ल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई व प्राचार्या रीना मिश्रा के ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के प्रोत्साहन का सुखद परिणाम हैं।

## कलमबंद हड़ताल करेंगे रोजगार सेवक

### मनरेगा कार्यों के प्रभावित होने की आशंका



महराजगंज रायबरेली। विकासखंड महराजगंज में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने पिछले 11 महीनों से मानदेय न मिलने के विरोध में बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। प्रांतीय आह्वान पर सभी रोजगार सेवक 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। इस निर्णय से मनरेगा कार्यों के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्रित होकर रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, लंबे समय से मानदेय न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि, यदि शीघ्र ही बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो वे प्रांतीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करेंगे। उन्होंने यह भी मांग करी कि, हड़ताल के दौरान किसी भी कर्मचारी पर कार्य करने का दबाव न बनाया जाए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने आश्वासन दिया कि, रोजगार सेवकों का ज्ञापन उच्च अधिकारियों तक उचित माध्यम से भेज दिया जाएगा और समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, शिव मोहन तिवारी, पूनम यादव, शिव शंकर मौर्य, अनुपम पांडेय, अलका वर्मा, छाया रानी, अरुण कुमार, अवधेश कुमार, आशा देवी, प्रेम कुमार, राजेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, नन्हेंलाल, सत्येंद्र त्रिपाठी, अविनाश मिश्रा (महामंत्री), देशराज रावत, राम सिंह, सोमनाथ, एखलाक अहमद, श्याम सुंदर, मोहिनी वर्मा, शिवनाथ, भोला प्रसाद सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## तहसील क्षेत्र में धूमधाम से मनायी गयी बाबा साहब की 135वीं जयंती



डलमऊ रायबरेली। तहसील क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और भव्य तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

प्रथम वार्ड से जिला पंचायत प्रत्याशी बलवंत सिंह लोधी ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के कई गांवों का व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर आमजन सेमुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रमों के दौरान बलवंत सिंह लोधी ने बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब के संघर्षों और विचारों को याद करते हुए कहा कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए जो योगदान दिया है, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं।

# सीएचसी में आग से दो एम्बुलेंस हुई खाक

### मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की उठी मांग



लालगंज रायबरेली। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से वहां खडी दो एम्बुलेंस जलकर खाक हो गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कडी मषक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार सीएचसी परिसर के पिछले हिस्से में अचानक धुंआ उठता दिखाई दिया जब तक कुछ लोग समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके चलते वहां खडी दो एम्बुलेंस भी आग की भेट चढ़ गई। आनन-फानन मामले की सूचना फायर विभाग के साथ अधीक्षक को दी गई जिसके कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। अधीक्षक डा. अमल पटेल ने बताया कि आग लगने से निष्प्रयोज्य खडी दो एम्बुलेंस को नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी सीएचसी परिसर में ही जीवन रक्षक दवाओं के जलाने का मामला प्रकाष में आया था। जिन्हे वैधता तिथि समाप्त होने का दावा किया गया लेकिन जांच के दौरान सभी आरोप सही पाये गये थे। मामले में कई जिम्मेदारो के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। लोगो की इस बात को लेकर आषंका व्यक्त की जा रही है कि कही कोई राज छिपाने के लिये बार-बार आग तो नहीं लगाई जा रही है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमूर्ति थे भारत रत्न बाबा साहब

### बच्चों को वितरित की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें




सलोन, रायबरेली। प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल से 15 अप्रैल के मध्य स्कूल चलो अभियान एवं निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सलोन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघौला में प्रधान प्रतिनिधि अरविंद मौर्या द्वारा आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार द्वारा ग्राम पंचायत के चारों विद्यालय उच्च प्रा. वि. बघौला प्रा. वि. बघौला, तरकोल, फरीद गढ़ के बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक का वितरण कर बच्चों को बाबा साहब का संदेश शिक्षित बनो तथा शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय विधायक द्वारा मनरेगा में 100 दिन से अधिक काम करने वाले 101 श्रमिकों को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया। क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार ने कहा कि बाबा साहब समानता एवं कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमूर्ति थे शिक्षा और स्वाभिमान का मार्ग दिखाने वाले महानतम अर्थशास्त्री बाबा साहब की सोच और सपने को हम सब मिलकर आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आज बेसिक शिक्षा में बेहतर शिक्षा बच्चों को दी जा रही है समय से पुस्तक उपलब्ध कराई जा रही हैं अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के प्रथम चरण का आज अंतिम दिन है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण कर बेसिक शिक्षा को मजबूती प्रदान किया गया है जिसके लिए बेसिक शिक्षा परिवार उन्हें धन्यवाद देता है। कार्यक्रम का संचालन एस.एस पाण्डेय एवं धन्यवाद अरविंद मौर्या द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सत्य प्रकाश यादव खंड शिक्षा अधिकारी, मनीष श्रीवास्तव ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, प्रीति सिंह ,प्रियंवदा अजय शुक्ला ,रमेश कुमार गौड़, नीलम निशंक, महादेव द्वारा स्कूल चलो अभियान पर विचार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में रमाशंकर मौर्य ,अजय सिंह, अवधेश तिवारी ,रानी ,कमलेश सुरेंद्र ,सत्येंद्र ,रमाकांत ,रामचंद्र, सुखेन, इंदल यादव, देशमती, हंसराज यादव द्वारा सहयोग किया गया।

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर युवाओं को शिक्षा व आत्मविश्वास का दिया संदेश

सुलतानपुर (वीओएल)। समाज कल्याण विभाग एवं राणा प्रताप पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न भीम राव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय डॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय एवं शैक्षिक विचारों की समकालीन प्रासंगिकता रहा, जिसमें शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल महान विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के प्रखर चिंतक थे। उन्होंने शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने युवाओं से संविधानिक मूल्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. संतोष अंश ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षा, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास को अपना हथियार बनाकर अपने भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता अवश्य मिलती है। उप प्राचार्य प्रो. निशा सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## मनोनीत सभासदों का हुआ शपथ ग्रहण, विकास को मिलेगी नयी गति

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर नगर पंचायत में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कादीपुर के उपजिलाधिकारी उत्तम तिवारी ने अजय सोनी, बालमुकुंद मौर्य और रवि पाठक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ये तीनों सभासद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मनोनीत किए गए हैं। समारोह में क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी एवं मंडल अध्यक्ष विजय लक्ष्मी शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष शकुंतला देवी, अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज और लिपिक विपिन कुमार यादव समेत अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवा पांडे, राम चंदन सोनकर, हरिओम सोनकर, भरत तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशु सिंह, अजय शुक्ला, सोनू तिवारी, सोनी गौतम, दिनेश गौतम और आसाराम सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं वर्तमान और पूर्व सभासदों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और नवमनोनीत सभासदों को बधाइयों का सिलसिला चलता रहा। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नए सभासद नगर के विकास, स्वच्छता और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य करेंगे।



## विजय नारायण सिंह हत्याकांड में क्लीनचिट देने पर सीओ व विवेचक तलब

सुलतानपुर (वीओएल)। विजय नारायण सिंह हत्याकांड की विवेचना पूरी कर पुलिस ने शेष आरोपियों को क्लीन चिट देकर फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी है। मामले में शूटर अजय सिंह सिलावट के खिलाफ सबूत तलब कर दण्डित करने की दुबारा मांग करने पर सीजेएम नवनीत सिंह ने सीओ और विवेचक को तलब किया है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा, विवेचक ने सीसीटीवी फुटेज के साक्ष्यों को शामिल नहीं किया है और निष्पक्ष विवेचना नहीं कर आरोपितों को क्लीन चिट दे दी है। सीजेएम नवनीत सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए सीओ और विवेचक को 18 अप्रैल को अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है। कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव के विजय नारायण सिंह की सात अप्रैल 2024 को शहर के दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## गनपत सहाय कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित




सुलतानपुर (वीओएल) एनएसएस की सभी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम एवं कुटुंब प्रबोधन विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के तहत एक विशाल पदयात्रा निकाली गई, जिसे महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय ह्यबजरंगीह्न एवं प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा पयागीपुर से अहिमाने और जोगीवीर होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। पदयात्रा में एनएसएस के स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं के साथ बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं ने भाग लिया। दूसरे सत्र में कुटुंब प्रबोधन विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. जे.पी. सिंह ने नारी की परिवार और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नारी सम्मान और सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का आधार बताया। विशिष्ट अतिथि शिव नारायण तिवारी ने कुटुंब व्यवस्था के छह सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। संचालन डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## आटा मिल के अंदर युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी । जिले के रामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र त्रिसुंडी स्थित भालोटिया फ्रूट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान प्रियंक कुमार मिश्रा (21) पुत्र राजेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम इब्राहिमपुर, थाना रामनगर, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले एक सप्ताह से उक्त आटा मिल में लेबर के रूप में कार्य कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं, वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## बालिका की दुराचार के बाद गला काटकर की गई निर्मम हत्या

गौरीगंज अमेठी। थाना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात्रि 22 वर्षीय बालिका के साथ दुराचार के बाद की गई गला काटकर निर्मम हत्या के बाद आसपास के गांव में माहौल गर्म हो गया है साथ ही तरह-तरह की चचाओं का बाजार भी गर्म है । बीती रात गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ चतुरीपुर गांव में 22 वर्षीय अविवाहित बालिका का अर्धनग्न अवस्था में घर से 50 मीटर दूरी पर सुबह ग्रामीणों ने शव देखा मामले की सूचना परिजनों को दी परिजनों ने पुलिस को बताया तो पुलिस ने मौके पर जाकर मृतक बालिका के शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया उसके बाद मामले की जांच में जुट गई परिजनों की तहरीर के बाद गांव के ही एक युवक पर दुराचार के बाद हत्या करने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है पुलिस के अनुसार जिस नंबर पर सबसे ज्यादा बात होती थी परिजनों ने आरोप लगाया कि इसी युवक द्वारा मेरी बेटी की दुराचार के बाद निर्मम हत्या की गई है मुझे न्याय चाहिए । फिलहाल घटना को लेकर आसपास की ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है । कोतवाली प्रभारी अरुण मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर गांव के ही युवक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## सीएमओ ने गांव का किया निरीक्षण



अमेठी । जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान निरीक्षण पूरे वखशी ब्लॉक बहादुर पुर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने निरीक्षण किया ,ब्लॉक प्रमुख बहादुर पुर श्रीमती फूलकली के साथ गांव का निरीक्षण किया संचारी रोग से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दिया जागरूक किया ए एन एम आशा आंगन वाड़ी सभी उपस्थित थी एक टी बी का मरीज हरिश्चन्द्र मिला जिसको निःशुल्क टी बी की दवा चल रही है घर वालो को भी टी बी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट के लिए प्रेरित किया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के कई केदो का बुधवार को निरीक्षण किया गया प्रत्येक केदो पर लगभग कर्मचारियों की उपस्थिति सामान्य रही जहां उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी भी दी गई । संचारी रोग से बचाव व रोकथाम की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों को गांव में जाकर संचारी रोग के विषय में जानकारी के साथ-साथ बच्चों महिलाओं अभिभावकों को सही जानकारी देने की भी अपील की।

## वॉलीबॉल हैंडबॉल टेबल टेनिस और कबड्डी में दम दिखायेंगी बालिकाएं

सुलतानपुर (वीओएल)। खेलो इंडिया जिला स्तरीय महिला लीग का आयोजन जिले पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ तथा सभी खेल संघों की जिला ईकाई के समन्वय से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 19 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल टेबल टेनिस हैंडबॉल और कबड्डी में महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। ये जानकारी आयोजन सचिव प्रवीण मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि सभी संघों की जिला ईकाई से समन्वय स्थापित कर लिया गया हैं और तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। टेबल टेनिस संघ के सचिव सईद, वॉलीबॉल संघ सचिव एसएन सिंह, कबड्डी संघ सचिव महेश यादव, हैंडबॉल संघ के विक्रम सिंह, मुनेंद्र मिश्र, उदय सिंह, प्रदीप यादव, आरिफ नियाज, अनुपम शुक्ला, अवधेश मिश्र सहित जिले के खिलाड़ी व प्रशिक्षक शामिल रहेंगे।

## 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम, ब्राह्मण समाज ने की तैयारी

सुलतानपुर (वीओएल)। ब्राह्मण समाज सुलतानपुर द्वारा 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम पयागीपुर चैराहा स्थित आर.एस. मॉल में आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र तिवारी एडवोकेट (धर्मदासपुर लोहरामऊ) ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर.एस. मॉल में पंडित राम शब्द मिश्र की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सतनारायण तिवारी, भवानी प्रसाद मिश्रा, बंगाली पद्मनाथ तिवारी, अरविंद तिवारी एडवोकेट, योगेश तिवारी, सरवन पाठक, मनोज शुक्ला, सतनारायण पांडेय, शाहिद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र तिवारी ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभय चैतन्य मौनी महाराज (सगरा) उपस्थित रहेंगे।

## नव-मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। नगर पंचायत सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में नव-मनोनित सभासद सुनील रावत, प्रदीप अग्रहरि एवं सीमा मोदनवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी ने उन्हें शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधायक राजेश गौतम ने जनसेवा, पारदर्शिता और विकास को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कादीपुर को स्वच्छ, सुन्दर और विकसित बनाने का आह्वान किया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय व एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने भी जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही सभासद बृजेश कुमार सिंह की कार्यक्रम में अहम भूमिका भी रही। अंत में अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नव-सभासदों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसाः चालक की मौत, खलासी गंभीर

शुकुल बाजार (अमेठी) शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज नंबर-2 में बुधवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। दिनांक 15 अप्रैल 2026 को समय करीब 11:38 बजे किलोमीटर संख्या 60.600 पर केला लादकर जा रही डीसीएम आगे चल रहे अज्ञात वाहन में पीछे से जा टकराई। हादसे में डीसीएम चालक अली पुत्र अनवर निवासी सियाली जागीर, थाना हसनपुर, जिला अमरोहा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं खलासी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को तत्काल कोरल व गायत्री एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने चालक अली को मृत घोषित कर दिया। खलासी की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

संक्षेप

## देशी शराब के साथ दो युवक दबोचे, किया चालान

**शिकोहाबाद।** पुलिस ने पुरातन स्कूल के पास से एक युवक को अवैध रूप से शराब बेचते हुए दबोच लिया। आरोपी की तलाशी में 4 पेटी देशी शराब के विभिन्न ब्रांड बरामद हुई। 4 पेटी में 150 क्वाटर शराब भरी हुई थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम कृष्णा पुत्र सतीश निवासी दखिनारा बताया। जबकि पुलिस ने दूसरे आरोपी को मैनपुरी चौराहा के पास से अवैध रूप से शराब बेचते हुए एक युवक को पकड़ लिया उसकी तलाशी में 24 क्वाटर देशी शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम ओमनारायण उर्फ कल्लू पुत्रजीत सिंह निवासी ग्राम अढाई थाना घिरोर जिला मैनपुरी बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## पुलिस ने दो युवकों को सट्टे की खाई बाई करते दबोचा

शिकोहाबाद। पुलिस ने नौशहरा के अम्बेडकर पार्क के पास से एक युवक को सट्टे की खाई बाई करते हुए दबोच लिया। पुलिस को आरोपी की तलाशी में 1575 रुपए, पर्ची, बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम सनी पुत्र रामवीर स्वामी निवासी नर्सिंग ग्रोवर के सामने, फ्रेण्डस कालोनी सौतरा रोड, थाना सिरसागंज बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह विनोद पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम नौशहरा के यहां पर्चा सट्टा लगाते है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने छैकुर स्टेशन नहर के पास से एक से युवक को सट्टे की खाई बाई करते हुए दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम रिजवान पुत्र नजतउल्ला खां निवासी आवास विकास मोती पैलेस बन्धन बैंक के पास बताया। उसकी तलाशी में 650 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

## अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमन्चा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त दीपक पुत्र सतीश निवासी मनोहर पुर थाना महावन जनपद मथुरा हाल पता श्रीनगर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस को मय एक अवैध तमन्चा व दो जिंदा कारतूस के साथ बसई पुलिया से पहले कच्चा रास्ता थाना टूण्डला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 10 मनोनीत पार्षदों को दिलायी गयी शपथ

मथुरा। भूतेश्वर स्थित नगरनिगम सदन में बुधवार को शासन द्वारा मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में महापौर विनोद अग्रवाल ने सभी नामित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शासन द्वारा हाल ही में विष्णु दास अग्रवाल , शिवकुमार रावत, गणेश अग्रवाल उर्फ.प्रकाश , विष्णु सैनी मुन्नालाल निषाद, जितेंद्र भारद्वाज, संजीव गुलाटी, अशोक राज सिंह, विमला महावर, शशि शुक्ला , सहित कुल 10 पार्षदों को मथुरा-वृंदावन नगर निगम में मनोनीत किया गया था। शपथ ग्रहण से पूर्व सभी नामित पार्षद अपने समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों के बीच नगर निगम परिसर पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचित पार्षदों के साथ राज्य सभा सांसद तेजवीर सिंह महापौर विनोद अग्रवाल भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव भी मौजूद रहे। समारोह में नगर निगम प्रशासन की ओर से नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती को टूंडला क्षेत्र का एक युवक बहला फुसलाकर कर बाइक पर बैठाकर ले गया। जब माता पिता ने आरोपी के घर बेटी को बरामद करने का प्रयास किया तो आरोपी के परिजनों ने युवती के माता पिता के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोपी, उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के दंपति 11 अप्रैल को अपने बीमार ससुर को देखने के लिए आगरा गए थे।

# आपदा पीड़ित किसानों के लिए कैबिनेट मंत्री ने बांटे डमी चेक



जिला संवाददाता

**मथुरा।** ओलावृष्टि और भारी बारिश से किसानों के फसलों में नुकसान को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण ने छाता तहसील स्थित सभागार में विभिन्न गांव से आए किसानों को राहत आपदा के डमी चेक बांटे। चैधरी लक्ष्मी नारायण ने किसान को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पूरे मथुरा जिले को सबसे ज्यादा राहत दी गई है और यह पहली किस्त है ,जो किसानों के खातों में पहुंचाई जा रही है और आने वाले समय में ऐसे ही किसान भाइयों की किस्त पहुंचती रहेगी जिससे किसान अपनी बोए जाने वाली अगली फसल ,रोजमर्रा की जिंदगी सुकून से जी सकें। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष का काम है, झूठी राजनीति करना लेकिन हमारी सरकार द्वारा किसानों के बारे में हमेशा सोचा गया है और सोचा जाएगा। वहीं कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि कुछ लोगों ने किसानों में भ्रांतियां फैलाई हुई है कि सिर्फ जाट समुदाय के लोगों को ही मुआवजा मिलेगा, परंतु ऐसा नहीं है उनके लिए सभी किसान भाई बराबर है और और सरकार बिना जाति भाव के फसलों के नुकसान को लेकर मुआवजा दे रही है। साथ ही उन्होंने पूरे छाता तहसील प्रशासन को धन्यवाद भी दिया जिन्होंने सही आकलन करते हुए सरकार को रिपोर्ट प्रेषित की। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई लेखपाल या कोई बिचैलिया कोई परेशान करे तो सीधा उपजिलाधिकारी छाता या मुझसे संपर्क करे ऐसे अधिकारियों को बर्खास्त किया जाएगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, तहसीलदार छाता सचिन पवार, नायब तहसीलदार छाता सहित विभिन्न गांव से आए लोग मौजूद रहे।

- किसी को बिचैलिया के चक्कर में पड़ने की जरूरत नहीं: लक्ष्मीनारायण चौधरी
- विपक्ष का काम है झूठी राजनीति करना

## अंबेडकर जयंती पर मथुरा रिफाइनरी ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्कूल बैग और स्टेशनरी



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने डॉ भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। रिफाइनरी नगर स्थित एम्प्लॉईस क्लब में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने संविधान निमार्ता बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में आसपास के स्कूलों के जरूरतमन्द बच्चे, रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सभी को संबोधित करते हुए मुकुल अग्रवाल ने कहा कि डॉ अंबेडकर के नेतृत्व में भारत को एक मजबूत संविधान मिला जिसने हमें न सिर्फ अधिकार दिये बल्कि हमारे कर्तव्यों को भी परिभाषित किया हैस उन्होने कहा कि बाबा साहब ने देश से कई कु-प्रथाओं को मिटाने में योगदान दिया और जरूरतमंदों और महिलाओं के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन एक मिसाल है और हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक कल्याण की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मथुरा रिफाइनरी ने 250 जरूरतमन्द बच्चों को स्कूल बैग और स्टेशनरी सामाग्री का वितरण किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम की अगुवाई रिफाइनरी की एससी / एसटी एम्प्लॉईस वेलफेयर एसोसिएशन ( सेवा ) ने की।

# मथुरा में 1.5 करोड़ की लागत से तैयार नगर निगम का हाईटेक सदन



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ब्रज क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और स्थानीय प्रशासन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कान्हा की नगरी को एक और बड़ी सौगात मिली है। भूतेश्वर स्थित मथुरा-वृंदावन नगर निगम का बहुप्रतीक्षित नवीन सदन पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। बुधवार को इसी नए और अत्याधुनिक मीटिंग हॉल में सदन की पहली बैठक भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह हाईटेक सदन योगी सरकार के ‘सुशासन’ और स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने के संकल्प का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

- अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सदन में आयोजित हुई पहली बैठक
- नए सदन में 100 से अधिक जनप्रतिनिधियों के बैठने की शानदार व्यवस्था
- नगर निगम के प्रशासनिक कार्यों में अब आएगी और अधिक पारदर्शिता

### 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बना हाईटेक सदन

नगर निगम की बैठकों को सुचारू रूप से चलाने के लिए लंबे समय से एक आधुनिक सदन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस जरूरत को देखते हुए लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से इस नए भवन का निर्माण कराया गया है। यह वातानुकूलित सदन पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें उच्च गुणवत्ता की लाइटिंग, बेहतर माइक और एडवांस साउंड सिस्टम लगाया गया है, जिससे लंबी बैठकों के दौरान भी किसी को कोई असुविधा न हो।

### 100 से अधिक लोगों के बैठने की शानदार व्यवस्था

इस नए सदन को काफी विशाल और सुव्यवस्थित तरीके से डिजाइन किया गया है।

इसमें मथुरा- वृंदावन नगर निगम के सभी 70 वार्डों के पार्षदों के लिए निर्धारित सीटें बनाई गई हैं। पार्षदों के साथ- साथ शहर के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों, महापौर और नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित एक बार में 100 से अधिक लोगों के बैठने की बेहतरीन व्यवस्था की गई है।

### नीतिगत फैसलों में आयेगी तेजी

इस नवीन सदन की उपयोगिता के बारे में बताते हुए महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन मथुरा- वृंदावन के लिए ऐतिहासिक है। इस नवीन सदन की पहली बैठक में हमने शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सार्थक चर्चा

यह सदन हमें जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से मंथन करने का एक शानदार मंच देता है।

अब हम शहर की समस्याओं का समाधान और तेज गति से कर पाएंगे और सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतारेंगे।

### अत्याधुनिक संचार सुविधाओं से लैस

अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह ने बताया कि इस मीटिंग हॉल को वर्तमान की तकनीकी जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है।

हर सीट पर आधुनिक संचार उपकरण और माइक की सुविधा दी गई है, जिससे सदन की कार्यवाही के दौरान सभी जनप्रतिनिधि अपनी बात स्पष्ट रख सकें।

## लावारिस अस्थियों को मिलेगा मान, 17 अप्रैल को सोरों जी जायेगी अस्थि विसर्जन यात्रा




**फिरोजाबाद।** समाज में अपनों द्वारा बिसरा दी गई पुण्य आत्माओं को सम्मानजनक विदाई देने का बीड़ा एक बार फिर बैकुंठ धाम वैलफेयर ट्रस्ट ने उठाया है। आगामी 17 अप्रैल को अमावस्या के पावन अवसर पर ट्रस्ट द्वारा लावारिस अस्थियों की 5वीं विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा सुबह 9 बजे जलेसर रोड स्थित बाबा किशोर मुनि आश्रम से शुरू होकर सोरों गंगा जी तक जाएगी। इस बार लगभग 51 लावारिस अस्थि कलशों का विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ विसर्जन और पिंडदान किया जाएगा। गौरतलब है कि संस्था अब तक 200 से अधिक लावारिस अस्थियों का विसर्जन कर चुकी है।

धार्मिक मयार्दाओं का पालन करते हुए विसर्जन के बाद यात्रा वापस आश्रम लौटेगी, जहाँ दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए गरुण पुराण का पाठ किया जाएगा। इसके 12 दिन बाद संतों की मौजूदगी में विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा।जितेंद्र शर्मा ने समाज के सभी वर्गों से इस पुनीत कार्य में शामिल होने की अपील की है।

## बेटी की शादी के लिए धन निकासी में देरी पर खाता धारक ने किया हंगामा

**शिकोहाबाद।** बेटी की शादी के लिए धन निकासी को आई एक महिला के पोस्ट ऑफिस से रुपए न निकलने को लेकर हंगामा हो गया। महिला के साथ पहुंचे अधिवक्ता की पहल पर उसकी धन निकासी हुई। उसके बाद मामला शांत हुआ। माया देवी निवासी नगला चाटका स्टेशन रोड स्थित डाकघर में खाता है। उसकी बेटी की शादी 20 अप्रैल को होनी है। जिसके चलते वह डाकघर में 1 लाख 39 हजार रुपए की निकासी करने आई। वह विगत 6 दिन से धन निकासी करने आ रही थी लेकिन उसके खाते से रुपए नहीं निकाले गए। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि पोस्ट मास्टर उनकी धनराशि निकालने में 6 दिन से परेशान कर रहे है। वह धन निकासी नहीं करवा रहे है। जिसके बाद बुधवार को अधिवक्ता राहुल यादव के साथ पहुंची पीड़िता ने पोस्ट ऑफिस के अधिकारी से बातचीत की तो उन्होंने खाता चेक किया तो वह खाता बंद पड़ा था। उसकी आई डी ब्लॉक हो गई थी। डाकघर के अधिकारी सत्यवीर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आई को खुलवाया। उसके बाद पीड़िता का भुगतान करा दिया। इस बारे में पोस्ट मास्टर सत्यवीर ने बताया कि पीड़िता आज ही उनके पास आई थी। उनकी आईडी ब्लॉक थी। उसे खुलवाकर भुगतान करा दिया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर वक्ताओं ने दी जानकारी



**शिकोहाबाद।** एटा रोड स्थित ग्रीन पार्क में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के साथ महिलाओं ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने नारी शक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में महिला शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत एक कार्यक्रम हस्ताक्षर अभियान का किया गया। इस मौके पर जिला संयोजक डॉक्टर आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में मातृशक्ति ने बैनर पर हस्ताक्षर कर अपना पूर्ण समर्थन दिखाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद की चेयरमैन रानी गुप्ता ने की। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती अनुपम शर्मा, मुन्नी देवी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लड़ैती दुर्गेश यादव किरण राठौर, आकृति सहयोगी नीता धनगर नीरा माथुर डॉ गीता यादवेंद्र रश्मि यादव रश्मि सिंह आशा भट्ट माधुरी भरद्वाज सभासद, विनीता गुप्ता फराह खान, आसमा बेगम मीरा शर्मा मीना शर्मा प्रियंका भारद्वाज डॉली भूमि नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार 3 दबंगों ने मेडिकल स्टोर स्वामी को बेरहमी से पीटा,घायल

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर क्षेत्र के गदोखर चौराहा के पास बाइक सवार तीन दबंगों ने मेडिकल स्टोर स्वामी पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। घटना में कारोबारी घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।रतन शर्मा पुत्र रमेशचन्द्र निवासी विकास बाजार थाना नगला खंगर 14 अप्रैल की दोपहर में अपने घर से बाजार स्थित मेडीकल की दुकान गदोखर चौराहा पर जा रहा था। इसी दौरान नगला महासुख की पुलिया के पास पीछे से आते हुए बाइक सवार अरुण पुत्र गीतम सिंह, विशाल, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोक कर गाली गलौज करने लगे। जब मेडिकल स्टोर स्वामी ने बाइक सवारों की गाली गलौज का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने पीड़ित के ऊपर हमला बोल दिया। पीड़ित का शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। यह देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित मेडिकल स्टोर स्वामी की शिकायत पर तीनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मिले श्रीकृष्ण गौतम



**टूंडला।** राज्य स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा उ0 प्र0 सरकार सदस्य तथा क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण रेल विषयों को उठाया।इस दौरान श्री गौतम ने संबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन गाड़ी संख्या 18309/10 का ठहराव फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर किए जाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि टाटानगर से जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18101/18102 साप्ताहिक ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन फिरोजाबाद में ठहराव दिया गया है, जबकि संबलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस इसी समय सारणी के अनुसार सप्ताह में चार दिन संचालित होती है, लेकिन इसका ठहराव फिरोजाबाद में नहीं दिया गया है।उन्होंने कहा कि यदि इस ट्रेन का ठहराव फिरोजाबाद में दिया जाता है तो कांच नगरी फिरोजाबाद के श्रद्धालुओं को वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन के लिए सीधी रेल सुविधा प्राप्त होगी तथा व्यापारियों एवं यात्रियों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी।

इसके अतिरिक्त श्री गौतम ने फिरोजाबाद टूंडला एवं शिकोहाबाद रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा कराने का भी अनुरोध किया।साथ ही उन्होंने आगामी भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए इन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए आरओ शुद्ध पेयजल एवं शीतल जल वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग रखी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने सभी विषयों पर सकारात्मक विचार करने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया।

- संबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस के फिरोजाबाद में ठहराव की मांग

## उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के सदस्य ने किया औचक निरीक्षण



**मथुरा।** गौ-सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने अस्थाई गौ आश्रम स्थल बंशीवट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं, रख-रखाव और गौवंशों की देखभाल की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। माननीय सदस्यजी ने विशेष रूप से गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंश को लू एवं गर्मी से बचाव के उपायों की समीक्षा की। उन्होंने शेड की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, हरा चारा, भूसा भंडारण और पोषण की उपलब्धता की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारियों से गौवंशों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और बीमार पशुओं के उपचार की व्यवस्था के बारे में भी पूछताछ की गई। श्रीउपाध्यायजी ने गौशाला प्रबंधन को निर्देशित किया कि गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश की सेवा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अंत में उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए तथा संतोषजनक कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना भी की।

## नारी शक्ति वंदन रैली निकली



**टूंडला।** नगर पालिका परिषद पूर्व अध्यक्ष रामवती चौधरी के नेतृत्व में नामित सभासद नीलम दिवाकर ने नगर टूण्डला में नाचघर दीपा चौराहा से सुभाष चौराहा तक नारी शक्ति वंदन रैली निकाली गई। जिसमे नगर की महिलाओँ व पालिका की महिला स्टाफ ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह जिला महामंत्री आकाश शर्मा पालिका अध्यक्ष चौधरी भवँर सिंह,अध्यक्ष प्रतिनिधि हरीश चौधरी समस्त माननीय सभासदगण अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आरएसएस कॉलेज में विधानसभा सम्मेलन संपन्न



जिला संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में आज बल्देव विधानसभा के आरएसएस कॉलेज बल्देव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भव्य विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा श्रीमती मुदिता शर्मा ने की। कार्यक्रम में विधायक पूरन प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ‘प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर देश की आधी आबादी को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दिया है। यह केवल कानून नहीं बल्कि मातृशक्ति के सम्मान में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय है। आज गांव की बेटी भी विधायक और सांसद बनकर नीति निर्माण में भागीदारी कर सकेगी। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान से प्रदेश की महिलाएं पहले से ही सुरक्षित और सशक्त हो रही हैं।’ सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती मनीष पाराशर रहीं, जिन्होंने मंच संचालन करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा, ‘डबल इंजन की सरकार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर लखपति दीदी योजना तक हर स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। अब 33 प्रतिशत आरक्षण से राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सहभागिता और भी सशक्त होगी।’ उन्होंने कार्यकताओं से अधिनियम के लाभ घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मुदिता शर्मा ने कहा, ‘यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। सम्मेलन में उपस्थित माता-बहिनों का उत्साह प्रधानमंत्री जी के निर्णय के प्रति मातृशक्ति के अटूट विश्वास का प्रतीक है। महिला मोर्चा की हर कार्यकर्ता इस कानून की जानकारी हर घर तक पहुंचाएगी।’ जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में ऐसे सम्मेलन जनपद की तीनों विधानसभाओं में आयोजित किए जाएंगे, जिससे मातृशक्ति तक इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी पहुंचे और अधिक से अधिक बहनें इस अभियान से जुड़ें। इस अवसर पर श्रीमती निर्मला बघेल, महामंत्री श्री आकाश चैधरी, मंडल - मीडिया प्रभारी श्री नारायण पांडे, श्रीमती प्रियंका उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि श्री जनार्दन शर्मा सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता

## महिला ने प्रेमी पर लगाया मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** एक महिला ने अपने प्रेमी पर जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वर्षा पत्नी मोहन निवासी बिल्टीगढ़ थाना मक्खनपुर ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह विगत एक साल से अपने प्रेमी विशाल पुत्र बेटालाल निवासी बिल्टीगढ़ थाना मक्खनपुर के साथ रहचटी में एक किराए के मकान में रह रही है। पीड़िता का आरोप है कि उसका प्रेमी आये दिन उसके साथ मारपीट, गाली गलौज करता है। धमकी देता है कि किसी दिन जान से मार देगा। 13 अप्रैल को महिला के

# अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

भू राजनीति तनाव के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था जिस तरह से डगमगा रही है, उससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था पर मिडिल ईस्ट युद्ध का असर बहुत ही घातक रूप में पड़ रहा है। यही बात आईएमएफ ने आकलन में स्पष्ट किया है। आई एम एफ के नवीनतम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में यह स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है कि भू-राजनीतिक तनावों की वजह से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता में इजाफा हो रहा है। आईएमएफ के पूर्वानुमानों पर पूरी दुनिया की नजर रहती है और इसमें विभिन्न परिदृश्य प्रस्तुत किए गये हैं। संदर्भित पूवार्नुमान के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था के 2026 में 3.1 फीसदी की दर से विस्तार करने की उम्मीद है, जो 2025 के 3.4 फीसदी की तुलना में धीमी है। वैश्विक समग्र मुद्रा स्फीति दर 2026 में बढ़कर 4.4 फीसदी होने की संभावना है। आईएमएफ का कहना है कि अगर जंग नहीं होती तो वृद्धि पूवार्नुमानों में सुधार हो सकता था। विपरीत परिदृश्य में ईंधन कीमतों में बढ़ोत्तरी का अनुमान है जिससे 2026 में वैश्विक वृद्धि घटकर 2.5 फीसदी रह सकती है। अधिक गंभीर हालात में मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 5.4 फीसदी तक पहुंच सकती है। गंभीर हालात से तात्पर्य ऊर्जा संरचनाओं को और अधिक क्षति पहुंचने से है जिससे वैश्विक वृद्धि घटकर 2 फीसदी तक आ सकती है। ऐसे में समग्र मुद्रास्फीति 2027 तक 6 फीसदी के पार जा सकती है। युद्ध और लगातार बने हुए भू-राजनीतिक तनावों का प्रभाव विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकता है। ऊर्जा आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर इसका अधिक असर पड़ने की संभावना है। भारत




के लिए, जनवरी की तुलना में चालू वर्ष की वृद्धि दर का अनुमान 0.1 फीसदी अंक बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है। इसमें पिछले वर्ष की मजबूत गति और इस तथ्य को ध्यान में रखा गया है कि अमेरिकी शुल्क भारतीय वस्तुओं पर काफी हद तक कम हो गये हैं। बहरहाल, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ये पूवार्नुमान पश्चिम एशिया की स्थिति पर निर्भर करते हुए तेजी से बदल सकते हैं। समय पर समाधान से परिणामों को संदर्भित पूवार्नुमान के करीब बनाए रखने में मदद मिलेगी। समाचारों से संकेत मिलता है कि इस्लामाबाद में वार्ता विफल होने के बाद भी अमेरिका और ईरान बातचीत जारी रखने के इच्छुक हैं। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बातचीत किन परिस्थितियों में होती हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि स्थिति की जटिलता और दोनों पक्षों की घोषित स्थितियों को देखते हुए, एक स्थायी समाधान तक पहुंचने में वक्त लग सकता है। इस बीच, यह आवश्यक होगा कि क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति बहाल हो जाये। अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर रही है। यद्यपि अमेरिका ने कहा है कि वह अन्य देशों के जहाज गुजरने देगा, लेकिन उसकी यह कार्रवाई वार्ताओं और ईरान की स्थिति को प्रभावित कर सकती है। इस बीच लेबनान पर इजरायल के हमले जारी हैं। इसके भी प्रभाव हो सकते हैं। तेजी से बदलती स्थिति को देखते हुए, किसी भी बात को निश्चित रूप से कहना कठिन है। इससे नीति-निर्माताओं और व्यवसायों के लिए निर्णय लेना जटिल हो जाता है, विशेषकर भारत जैसे देश में जो ऊर्जा आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, खासकर इस क्षेत्र से। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि अभी तक मुद्रास्फीति के आंकड़ों में पूरी तरह परिलक्षित नहीं हुई है क्योंकि इसका सीमित असर हुआ है। मार्च के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर 3.4 फीसदी रही, जबकि पिछले महीने में यह 3.2 फीसदी थी। यह स्थिति पेट्रोल-डीजल की कीमतों में समायोजन के साथ काफी बदल सकती है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें आम तौर पर वृद्धि को कम करती हैं और मुद्रास्फीति को बढ़ाती हैं। वर्तमान झटका, यदि बरकरार रहता है, तो ऊंची तेल कीमतों की स्थिति सामान्य अनुमान की तुलना में अधिक प्रभाव डाल सकती है। उदाहरण के लिए, तेल एवं गैस की उपलब्धता एक समस्या है जो उत्पादन को प्रभावित कर रही है। ऐसे ही कई अन्य कारक हैं जिसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

# ट्रंप के युद्धोन्माद से संकट में पर्यटन उद्योग

मनोज वार्ष्णेय

> पर्यटक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि युद्ध काल में जब भारत से बाहर रहने वाले भारतीय जो भारत वापस आना चाहते थे वह चाहकर भी नहीं आ पाये थे। फिर अगर वह पर्यटन के दौरान फंस गये तो क्या होगा?

ईरान-अमेरिका-इजरायल के युद्ध पर बहस विवाद, युद्ध के दिनों से सैकड़ों गुना अधिक दिन चलेगा कि किसकी जीत हुई और कौन हारा? परंतु इस सबके बीच पूरी तरह पर्यटन की दुनिया मिसाइलों तथा बमों से इस कदर झुलस गई कि उसे पटरी पर आने में कम से कम एक साल तो लगेगा ही। भारत का पर्यटन उद्योग ही प्रभावित हुआ है, ऐसा नहीं है। दुबई, अमेरिका, सऊदी अरब, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत ऐसे खाड़ी देश हैं, जहां पर खासा नुकसान हुआ है। ईरान का पर्यटन उद्योग तो चैपट ही हो गया है। इसके साथ ही वह देश जो इन देशों के आसपास या इनकी वायु सीमा मार्ग में आते हैं, वे भी युद्ध की आग में झुलस गए हैं। सिर्फ घरेलू पर्यटन पर असर आया है, जी नहीं। धार्मिक पर्यटन के साथ ही उन देशों को भी हानि हुई है जहां पर मेडिकल टूरिज्म या वाटर टूरिज्म के लिए पर्यटक जाते थे।

भारत में अप्रैल से लेकर अगस्त तक धार्मिक टूरिज्म का जबर्दस्त सीजन होता है। यहां पर चारधाम यात्रा के साथ ही दूसरी यात्राएं होती हैं। दूसरे देशों से हजारों मरीज अपना उपचार कराने आते हैं और यहां पर्यटन का भी आनंद लेते हैं। यूक्रेन-रूस के युद्ध के कारण वहां का पर्यटन और एजुकेशन टूरिज्म तो पहले ही से गंभीर संकट में था। अब खाड़ी युद्ध ने वहां पर स्थितियां और विकट कर दी हैं। जिन देशों के पर्यटन पर युद्ध का प्रत्यक्ष असर नहीं हुआ है, उन देशों पर होर्मुज के कारण ऐसी स्थिति हो गई है कि वहां पर पहले तो खुद ही पर्यटक नहीं जा रहे और जहां की पूछताछ भी है, वहां पर पर्यटन एजेंसियां खुद ही बुकिंग से बचने के उपाय तलाश रही हैं। इन देशों में श्रीलंका तथा नेपाल खास हैं। पाकिस्तान में ऐसे ही पर्यटक नहीं जाते हैं और जो जाते भी थे, वह वहां पर फैली अफवाहों के कारण जाने की सोच भी नहीं रहे हैं। श्रीलंका की हालात इस बात से समझी जा सकती है कि उसकी सरकार को भारत सरकार ने मांगने पर 38 हजार मैट्रिक टन पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई की। यहां पर जब आम जरूरत का ही तेल आदि नहीं है, तो पर्यटन



की क्या स्थिति होगी खुद समझा जा सकता है। खाड़ी युद्ध का सबसे बुरा असर दुबई पर हुआ है। यहां पर हर वर्ष कम से कम 15 मिलियन पर्यटक जाते थे, लेकिन अब यहां पर सन्नाटा नजर आ रहा है। भले ही

सामयिक

युद्ध थम गया है और माना जा रहा है कि टाइम पूरा होने के बाद यह दुबारा आरंभ नहीं होगा। पर अभी के हालात बहुत गंभीर हैं। एयर ट्रैफिक के कारण यहां पर पचास प्रतिशत से अधिक पर्यटन स्थल पर सन्नाटा है और युद्ध के चालीस दिनों में दो लाख से अधिक की बुकिंग रद्द हुई हैं। अभी के हालत ये है कि जो दो हफ्ते का युद्ध विराम है, वह भी पर्यटकों में इस बात के लिए उत्साह नहीं ला पा रहा है कि वह फिर से पर्यटन का मन बनाएं। डर इस बात का है कि कहीं युद्ध फिर भड़का तो क्या होगा? इन परिस्थितियों में कोई भी पर्यटक या पर्यटन एजेंसी खतरा नहीं लेना चाहतीं।

टूरिज्म विशेषज्ञ समझ रहे हैं कि यदि युद्ध समाप्त घोषित नहीं होता है तो खाड़ी देशों को कम से कम 40 से 55 अरब डालर तक का नुकसान उठाना पड़ेगा। चूंकि होर्मुज मार्ग विवाद का नया केन्द्र बन गया है इसलिए सर्वाधिक मारामारी ईंधन की है और भारत ही नहीं सभी देशों पर इसका सीधा असर आया है, जिससे हवाई किराए में उछाल आया है। छोटी से छोटी हवाई यात्रा में टिकट में कई हजार रुपए की वृद्धि दिख रही है। सोचिए श्रीलंका जैसा देश जहां पर पर्यटक हनीमून के साथ ही भगवान राम से जुड़े तीर्थों को भी देखने जाते थे, वहां पर मार्च माह में अर्थात पूरे युद्ध काल में करीब 18 प्रतिशत की कमी हुई है। यह यहां की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा है। दुबई, श्रीलंका की बात जानें दें, भारत को देखें। यहां पर पर्यटन सीजन आरंभ हो चुका है और जून में जब मानसून आ जाएगा तब तक का जो सीजन है वह काफी डिस्टर्ब हो गया है। वर्ष 2025 में ऑपरेशन सिंदूर, प्राकृतिक आपदाओं ने यहां के मुख्य पर्यटक राज्य उत्तराखंड तथा जे एंड के में पर्यटकों को जाने से रोका था, तो इस बार गैस की बहुप्रचारित किल्लत ने होटल-ढाबों को ही नहीं उन लोगों को भी चिंता में डाल दिया है, जो उत्तराखंड चारधाम तथा आदि कैलाश यात्रा के लिए जाते थे। सरकारी सूचना के अनुसार शुरूआती रजिस्ट्रेशन के दिनों में रजिस्ट्रेशन की संख्या में चालीस प्रतिशत की गिरावट है। वर्ष 2025 में जब यह रजिस्ट्रेशन 17 लाख थे, तो अब 10 अप्रैल को यह 14 लाख पर ही सिमट गए हैं। यदि यह मान लिया जाए कि युद्ध अब थम ही गया है, तो भी स्थितियां नार्मल होने में कम से कम एक माह तो लगेगा ही। और तब तक मई का आधा महीना निकल जाएगा।

भारत में गत वर्ष कश्मीर में पहलगाम के बाद जिस तरह की स्थितियां थीं अब पूरे विश्व में वही हालात हैं। पर्यटक और पयर्टन कारोबारी इस बात पर विश्वास कर ही नहीं पा रहे हैं कि युद्ध पूरी तरह से थम गया है। इसके पीछे कारण ट्रंप का बात पलटने में महारथ हासिल कर लेना माना जा रहा है। पर्यटक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि युद्ध काल में जब भारत से बाहर रहने वाले भारतीय जो भारत वापस आना चाहते थे वह चाहकर भी नहीं आ पाये थे। फिर अगर वह पर्यटन के दौरान फंस गये तो क्या होगा? भारत में आगरा, जयपुर, दिल्ली जैसे शहरों में जहां पर विदेशी पर्यटक हमेशा आते थे, वहां पर भी पर्यटकों का टोटा है और होटल, ट्रैवल एजेंसियों में फांका मारने जैसी स्थिति है। कश्मीर, नार्थ ईस्ट, लेह-लद्दाख, नैनीताल, मनाली, शिमला जैसे शहर जो गर्मियों के लिए अप्रैल में ही बुकिंग के कारण उफनाने लगते थे, वहां पर एक बार सोशल मीडिया पर पैकेज खोज करने के बाद सैंकड़ों आफर आ रहे हैं। जहां पर लगभग नो लॉस, नो प्रॉफिट पर पर्यटकों को पैकेज उपलब्ध हैं और कई स्थान पर तो यह टूरिज्म एजेंसियां नाम मात्र की बुकिंग राशि में ही मान रही हैं। अखबार तथा विज्ञापन के दूसरे माध्यमों का भी यही हाल है। इस तरह भारत भी दूसरे देशों की तरह टूरिस्टों के अकाल जैसी स्थिति में है।

दुबई के लिए जो पर्यटक जाने को बेताब रहते थे वह भी इस बात से बच रहे हैं कि यहां पर क्या देख पाएंगे? एक तो युद्ध का डर दूसरा यहां पर कितने पर्यटक स्थल खंडहर में बदले हैं इसकी सूचना लग नहीं पा रही। पाकिस्तान के जिन शहरों में भारतीय, खासकर मुस्लिम पर्यटक जाते थे वह भी यह खबर पाकर नहीं जा रहे हैं कि वहां पर लॉक डाउन जैसी स्थिति है। पर्यटन की दुनिया की स्थिति इसी से समझी जा सकती है कि जब घरों में समर वैकेंस के लिए योजनाएं बनती थीं तब इस बात पर बहस हो रही है कि ट्रंप की सनक ने पूरी दुनिया को घरों में कैद होने को मजबूर कर दिया है। बच्चे उन्हें पर्यटन के कोरोना अंकल भी कहने लगे हैं, जो उनकी सोशल छवि और पर्यटन के भविष्य के लिए फिलहाल अच्छा नहीं कहा जा सकता।

सोशल मीडिया

लखनऊ के टेढ़ी पुलिया इलाके की झुग्गी झोपड़ी में लगी भीषण आग के पीड़ितों के लिए सरकार तत्काल पानी, भोजन और घायलों को तुरंत इलाज उपलब्ध कराये। अखिलेश यादव.



मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं पीड़ा दायक है, शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं हैं। दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि। केशव प्र. मौर्य.



बंगाल कभी संस्कृति, शिक्षा और उद्योग का केंद्र था, लेकिन आज टीएमसी राज में डर व असुरक्षा के माहौल में लोग जीने को मजबूर हैं। ममता राज में बंगाल बीमार है। राजनाथ सिंह.



# मनुष्य के गुण

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# प्रोफेशनल झूठ बोलने वाले

व्यंग्यलोक

झूठ बोलने के मामले में पड़ोस के वर्मा जी की कला भी बहुत विशेष है। उनका बच्चा पांच वर्ष से मैट्रिक को लांघ नहीं पा रहा तथा प्रतिवर्ष अनुत्तीर्ण होने का गौरव प्राप्त करता है। परन्तु वर्मा जी उसे एम. ए. तक ले गये हैं। प्राइवेट परीक्षा दे रहा है। वे इससे बच्चे पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चिंता नहीं करते। उन्हें अपने सम्मान तथा बच्चे की शादी में मिलने वाले दहेज की चिंता है। एक दिन मैंने उनसे मजाक में कहा-अमां, वर्मा जी, बच्चू को किसी ट्यूशन पर लगाओ। यह पंचवर्षीय योजना में भी कामयाब नहीं हो सका है। वर्मा जी ने हथियार डाल दिये-मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। सच, इसने मुझे बहुत जलील किया है। आपसे क्या छिपाना? पढ़ाई में इसका तनिक भी ध्यान नहीं है। सिनेमा देखता है। बहुत ही अयोग्य व नालायक है। परन्तु करूं क्या? मैं सोचता हूँ, जमाना बैरी है। बंधु-बांधव एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शादी-विवाह नहीं होने देते। इसलिए झूठ का पाप करना पड़ता है। मैं बोला-झूठ क्यों बोलते हैं? कोई काम-धंधा शुरू करा दीजिए। काम करने लगेगा, तो पढ़ाई नहीं कर पाने का अभिशाप अपने आप धुल जायेगा। वे बोले- हां, अब यही सोच रहा हूँ। लेकिन कई बार परिस्थितियां झूठ बुलवाती हैं। वैसे झूठ बोलने वालों के श्रेणियों की कोई कमी नहीं है। एक झूठ बोलने वाले वे हैं, जो झूठ को पेशे के रूप में अपनाये हुए हैं। किसी भी कोर्ट-कचहरी का मामला हो, उन्हें किस्सा समझा दो। जो आप चाहेंगे वे वही बोलने लगेंगे। आंखों से देखा नहीं, कानों से सुना नहीं, और गीता, कुरान बाइबिल को हाथ लगाकर सारे झूठ को सत्य बना देंगे।



पूरन सरमा

चाहे किसी निर्दोष को जेल-जुर्माना या सजा ही क्यों न हो जाये। पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा-पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट, चाय-नाश्ते में आप अपना ईमान बेच आते हैं। वे बोले- तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ हैं, ताके हृदय आप, वाली बात चरितार्थ हो रही है। लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए। मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गये- अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?

# विजय के लिए चाहिए आत्मबल का रथ



चिंतन

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

किसी भी व्यक्ति की सफलता उसके इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति में ही नहीं बल्कि सही आदतों और आत्मबल के विकास की इच्छाशक्ति में निहित होती है। जब आप अपने व्यवहार को अपनी पहचान का हिस्सा बना लेते हैं तो अनुशासन स्वयं आपका स्वभाव बन जाता है। इसलिए अपने जीवन की छोटी-छोटी आदतों को जो मानवता और स्वयं आपके विपरीत हों, उसे त्यागने की कोशिश करनी चाहिए।

मनुष्य दिन प्रतिदिन विकास की तरफ बढ़ता जाता है, वह सदा आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और सांस्कृतिक विकास पर विशेष जोर देता है लेकिन अगर वह थोड़ा-थोड़ा अपने स्वयं के भीतर में बेहतर इंसान बनने की कोशिश करे तो वह असली मायने में विकसित माना जायेगा। अगर एक फीसदी सुधार का संकल्प प्रतिदिन कर लें तो साल भर में व्यक्ति की वर्तमान स्थिति कितनी सुधर सकती है, इसकी कल्पना सहज ही की जासकती है। आपका व्यक्तित्व कितना विराट हो जाएगा। समाज में आपका सम्मान कितना बढ़ जाएगा। आदतों को बदलने के लिए आपको जीवनचर्या में रणनीति बनाना होगा, बेहतर योजनाएं बनानी होंगी, प्रतिज्ञाबद्ध होकर अपना कार्य करना होगा। व्यक्तित्व के परिष्कार और अपनी आदतों के सुधार के लिए सबसे आवश्यक है कि व्यक्ति का आत्मबल सुदृढ़ हो, आत्मबल के सहारे ही समस्त समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। आंतरिक रूप से आत्मबल को पुष्ट करने का अनुपम उदाहरण गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है। जब रावण रथ पर सवार होकर युद्ध करने आता है और राम बिना पदत्राण अर्थात जूतों के ही युद्ध क्षेत्र में खड़े हैं, यह देखकर विभीषण डर जाते हैं और भगवान राम से पूछ बैठते हैं कि इस हालात में वे रावण से कैसे जीतेंगे। 'रावण रथी विरथ रघुवीरा। देखि विभीषण भयउ अधीरा।' वहां विभीषण को राम आश्वस्त करते है कि इस रथ से कहीं अधिक बड़ा रथ हमारे पास हमारी साधना और हमारे आत्मबल का है। भौतिक रथ से किसी की उन्नति यानी विजय नहीं हो सकती। समग्र विकास अर्थात विजय के लिए आंतरिक शक्तियों का रथ चाहिए। वे कहते हैं कि 'सखा हमारे पास धर्मरथ है जो हमारा शरीर रूपी रथ है उसके शौर्य और धैर्य नामक दो पहिए हैं। सत्य और शील इसकी पताका है। बल, विवेक इंद्रिय निग्रह और परोपकार इस रथ के चार घोड़े हैं जो क्षमा, दया और समता रूपी डोरी से बंधे हैं। ईश्वर का भजन ही सारथी है। वैराग्य ढाल है और संतोष तलवार है, हमारे द्वारा जीवन में जो दान दिया गया, वही इस युद्ध का फरसा है, इसलिए रावण कभी भी हमारे इस आत्मिक रथ जो आत्म बल से निर्मित है, के रहते हुए सफलता नहीं पा सकता क्योंकि आत्मबल ही प्रचंड शक्ति होती है जो विद्या, बुद्धि और विवेक के सहारे निर्णय लेकर संकट से व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करती है। 'सखा धरममय अस रथ जाकें। जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताके। महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर। जाकें अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा मतिधीर। हमारा आचरण, हमारा बोलना हमारी परिस्थितियों पर निर्भर करता है, वाह्य संसाधनों पर निर्भर करता है इन सब परिस्थितियों में यही आत्मबल ही हमें वाह्य संसाधनों के भीतर छिपी दुष्प्रवृत्तियों से बचाने का कार्य करता है। आपातकाल और अभाव में भी यह आत्मबल आपको और बलवान बनाता है। मजबूती से सामना करने के लिए टिके रहने की शक्ति प्रदान करता है। इस आत्मबल के ही सहारे दुनिया में स्वामी विवेकानंद, शंकराचार्य, मिहिरसेन, बछेंद्रीपाल, दशरथ मांझी, अभी चार दिन पूर्व अमेरिका का वह पायलट जो घायल होकर भी 58 किलोमीटर चलकर सिग्नल के सहारे सफल होकर ईरान से अपने देश चला गया, सफलता प्राप्त कर सके हैं। ऐसे हजारों उदाहरण मिलेंगे जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने को इसी आत्मबल और अच्छी आदतों के सहारे सर्वश्रेष्ठता प्राप्त किये हैं। किसी भी प्रतियोगिता में जीतने और हारने वाले दोनों का लक्ष्य एक ही होता है लेकिन जीतता वह है जिसके पास बेहतर योजना होती है। बदलाव की इस यात्रा में जिसने आत्मबल के सहारे अपनी आदतों में बदलाव लाया है, अनुशासन को समझा है वही सफल हो पाया है। अगर आप आदतों के सुधार के लिए प्रतिदिन 2 मिनट का भी समय अपने जीवन में देते हैं तो धीरे-धीरे आपमें अच्छी स्थाई आदत विकसित हो जाएंगी और जो जीवन भर आपके काम आएगी।

(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)

## आपकी बात

### ढांचागत विकास जरूरी

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इसलिए सरकार को बुनियादी विकास करना चाहिए।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### परिवहन प्रणाली में सुधार

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जारहा है। यह दरअसल बदलाव के प्रयास हैं जिनको तेजी से आगे बढ़ाना होगा। देश को उन सभी प्रकल्पों को आगे बढ़ाना चाहिए जिससे हमारी ऊर्जा जरूरतें स्वच्छ विकल्पों के जरिए पूरी हो जायें।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बैंक की दो नवीनीकृत शाखाओं का उद्घाटन

अयोध्या। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से अब रामनगरी अयोध्या धाम में ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो प्रमुख शाखाओं के नवीनीकृत परिसरों का उद्घाटन बुधवार को बैंक के चेयरमैन यादव श्रवण ठाकुर द्वारा किया गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश पालोड ने बताया कि उद्घाटन के लिए चयनित शाखाओं में फैजाबाद मुख्य शाखा एवं अयोध्या मुख्य शाखा शामिल हैं।

दोनों शाखाओं को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को अधिक सुगम, तेज एवं सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं मिल सकें। बैंक के चेयरमैन यादव एस. ठाकुर के अनुसार, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख बैंक है, जिसका कुल व्यवसाय लगभग 2.30 लाख करोड़ रुपये का है।

# हाई वोल्टेज तार से टकरायी कंबाइन मशीन

जिला संवाददाता



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के खण्डासा थाना अंतर्गत सहजन मऊ गांव में बुधवार दोपहर लगभग 2:30 बजे खेत में गेहूं की कटाई कर रही कंबाइन मशीन 11,000 वोल्ट की बिजली के तार से टच हो गया । तार से टकराते ही कंबाइन मशीन में तुरंत आग लग गई,

**● भीषण आग में 38 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, मशीन भी जली**

जो कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कंबाइन मशीन को अपनी चपेट में ले लिया और तेज हवा के कारण आग आसपास के गेहूं के खेतों में भी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।इस भीषण आग में कंबाइन मशीन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई, साथ ही लगभग 10 किसानों की करीब 38 बीघा गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई।

कंबाइन मशीन रायपुर निवासी दिनेश सिंह की बताई जा रही है। स्थानीय निवासी सूरज सिंह ने इस घटना के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना है कि बिजली के तार काफी ढीले और नीचे लटके हुए थे, जिससे यह हादसा हुआ। हल्का लेखपाल संजय पाठक के अनुसार, इस आग से जिन किसानों की फसल प्रभावित हुई है, उनमें शेर बहादुर, मिथिलेश, अकबाल बहादुर, राजेंद्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, साधुराम, वीरेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, लाल बहादुर और वेद प्रकाश शामिल हैं। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## घर से नाराज होकर निकली थी किशोरी, कुएं में मिला शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के खण्डासा थाना अंतर्गत रेवली गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान निशा मौर्य, पुत्री छोटेलाल मौर्य के रूप में हुई है, जो मंगलवार दोपहर परिजनों से नाराज होकर घर से निकल गई थी। परिजनों के अनुसार, किशोरी के अचानक घर छोड़कर चले जाने के बाद उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। परिवार के लोग रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में भी उसकी तलाश करते रहे। जब देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला, तो ग्रामीणों की मदद से आसपास के कुओं और तालाबों में भी खोजबीन शुरू की गई।बुधवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित एक कुएं में एक किशोरी का शव उतराता हुआ देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना खण्डासा पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जागो-री-जागो संस्था ने किशोरियों, महिलाओं मे बांटे निःशुल्क बाला सेनेटरी किट



**बाराबंकी।** जागो-री-जागो संस्था द्वारा पार्टनर ऑर्गनाइजेशन बाला के सहयोग से विकासखंड बंकी स्थित ग्राम पंचायत सुरसंडा के मजरे पुरवा, एकरामपुर एंव शहर स्थित लखपेड़ा बाग मे किशोरियों और महिलाओं में स्वस्थ पीरियड्स स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के प्रति कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में 230 किशोरियों, महिलाओं को मासिक धर्म की प्रक्रिया, सही स्वच्छता के तरीके, कब चिकित्सक से परामर्श तथा पुनः प्रयोग योग्य बाला सैनिटरी पैड्स के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था प्रशिक्षिकाओं बबिता यादव, राखी सैनी द्वारा किशोरियों महिलाओं के सवालो का जवाब देते हुये जागरुक किया गया। इसके उपरान्त 230 प्रतिभागियों को बाला सैनिटरी पैड किट निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था संस्थापक चन्द्र प्रकाश, कविता चैधरी, शिवानी अग्रवाल, लाल राम चैधरी, अमन वर्मा मौजूद रहे।

## अधिवक्ता चैंबर्स निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट प्रांगण में अधिवक्ता चेम्बर्स के निर्माण की मांग का लेकर जिला बार एसोसिएशन कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि जनपद में अधिवक्ताओ की संख्या काफी अधिक होने से बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण अधिवक्ताओ को काफी असुविधा व कार्य संपादित करने मे कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। तथा परिसर में कोई भी सुरक्षित स्थान शेष नहीं है। कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मिश्र ने जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में अविलंब अधिवक्ता चैंबर्स का निर्माण करवाए जाने की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन सौपने में कार्यवाहक महामंत्री देवराम यादव, रमन द्विवेदी, सुनीत अवस्थी, पवन मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, अनुराग शुक्ला, सुषमा शर्मा, सतीश सोनी, राहुल कुमार वर्मा, अंकित मिश्रा, जय शंकर वर्मा, रितेश कुमार, श्रीकांत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।**पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रकरणों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करते हुए उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।साथ ही निर्देश दिये गये कि शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आमजन को प्रभावी राहत मिल सके।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा उपस्थित रहे।

# सौ कुंतल गेहूं बेचने के लिए नहीं कराना पड़ेगा सत्यापनः निखिल टीकाराम फुंडे



**अयोध्या।** जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया किसान दिवस में बिन्दुवार किसानो की समस्याओं को सुनकर गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने का निर्देश दिया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने किसान दिवस में छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराये जाने, यश पेपर मिल द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण पर रोक लगाने, गेहूं खरीद में किसानों को तंग न करने, फार्मर रजिस्ट्री, केसीसी में चार प्रतिशत ही ब्याज लिए जाने, गन्ना मूल्य का भुगतान कराए जाने का मामला उठाया गया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे आश्वासन दिया कि 100 कुंतल तक गेहूं बेचने के लिए सत्यापन कराए जाने की कोई जरूरत नहीं है फार्मर रजिस्ट्री के कागजात से ही गेहूं खरीदा जाएगा। छुट्टा जानवरों के सवाल पर जिलाधिकारी ने कहां की विशेष अभियान चलाकर छुट्टा जानवरों को पकड़ा जाएगा विद्युत आपूर्ति के सवाल पर अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि तेज हवा के कारण दिन में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है परंतु रात में विद्युत आपूर्ति की कटौती नहीं की जाएगी। भाकियू महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से विद्युत बिल अग्रिम किसानों से लिया जा रहा है ऐसी दशा में गन्ना मूल्य का भुगतान महीनों से नहीं हो रहा है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है जिस पर जिलाधिकारी अयोध्या में गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने का निर्देश दिया। किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में किसानों ने शिकायत किया कि समय से ब्याज जमा करने के बाद भी तीन प्रतिशत ब्याज का पैसा वापस नहीं आता और न ही कोई मैसेज ही आता है किसानों ने मांग किया कि तीन प्रतिशत वापसी के मामले को समाप्त करते हुए शुरू से ही चार प्रतिशत ब्याज लिया जाना चाहिए। जिलाधिकारी अयोध्या में सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराये जाने का अनुरोध किया। किसान दिवस में सूर्यनाथ वर्मा राम गणेश मौर्य, श्रीराम वर्मा, फरीद अहमद, शंकरपाल पांडे, रवि शंकर पांडे, सुमन पांडे,विवेक पटेल, आसमाबानो, रामू चंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र मौर्य, संतोष वर्मा, मगरू राम, जितेंद्र कुमार उर्मिला निषाद रामावती सहित का यह दर्जन किसान उपस्थित रहे प्रशासन की तरफ से जिला अधिकारी अयोध्या के अलावा जिला कृषि अधिकारी अधिशासी अभियंता सिंचाई जिला मुख्य पशुधन अधिकारी जिला सहायक निबंधक सहित दर्जनों अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृंदावन नाव दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

मथुरा। अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि दिनांक 10.04.2026 को जनपद मथुरा के वृन्दावन / थाना मांट क्षेत्रांतर्गत केसी घाट के पास, नाव दुर्घटना घटित हुई थी। उक्त दुर्घटना में कुल 15 व्यक्ति मृत हुए हैं, 08 व्यक्ति घायल हैं व 10 लोगों की स्थिति सामान्य एवं सुरक्षित हैं तथा 01 व्यक्ति लापता है। जिनकी तलाश हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा अपर एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा को प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जांच अधिकारी नामित किया गया है। अतः सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/दल एवं किसी संस्था आदि को उक्त घटना के संबंध में जानकारी हो, तो वह अपने लिखित / मौखिक अभिकथन एवं अभिलेखीय साक्ष्य (यदि कोई हो तो) अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा के समक्ष कलेक्ट्रेट मथुरा स्थित कार्यालय में तक पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 05 बजे के मध्य उपस्थित होकर दर्ज / प्रस्तुत कर सकते हैं।

## गांधी भवन में आयोजित हुई नपा पूर्व चेयरमैन के पिता की शोकसभा



**बाराबंकी।** गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा गांधी भवन मे नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हफीज भारती व अजीज अहमद अज्जू के पिता स्वः मोहम्मद मुस्तफिज अहमद की शोकसभा आयोजित हुई। शोकसभा मे ट्रस्ट अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने बताया स्वः अहमद पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके थे। उनका मेरे प्रति अथाह स्नेह था। बीमारी से पहले वह गांधी जयन्ती समारोह के सालाना कार्यक्रम में शामिल होते रहे है। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि स्वः मो0 अहमद बहुत मोहब्बत और अपनेपन से मिलते थे। हमने इतने ऊर्जावान लोग उम्र के इस पड़ाव पर कम देखे हैं। उनके विचार बहुत स्पष्ट और खुले हुए थे।इस अवसर पर प्रदीप गौतम, अशोक शुक्ल, तौहीद खान, पाटेश्वरी प्रसाद, हुमायूं नईम खान, रंजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब की जयंती मनायी गयी



**बहराइच ।** भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर की 135 वीं जयंती आज समाजवादी पार्टी ने समारोह पूर्वक मनाई ! सर्वप्रथम सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट व पूर्व मंत्री याशर शाह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता कचेहरी रोड स्थित अम्बेडकर पार्क पहुंचे जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जिला कार्यालय में बाबा साहब के जीवन वृत्त पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सपा महामंत्री सुनील निषाद ने किया !इस अवसर पर संगोष्ठी में उपस्थित पूर्व मंत्री याशर शाह ने बाबा साहब के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ों और वंचित समाज को समर्पित कर दिया ! अपने जीवन के लम्बे संघर्षो के बाद बाबा साहब ने जो संविधान दिया वह शोषित वंचित पिछड़े समाज के लिए संजीवनी का काम रहा है किन्तु देश और प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकार भारतीय संविधान को खत्म कर मनु स्मृति के आधार पर देश को चलाना चाहती है, हम दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यक समाज के सभी लोगो को एकजुट होकर पीडीए को मजबूत बनाना होगा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए प्रहरी पूरी तरह से संविधान की सुरक्षा के लिए विघटनकारी ताकतों के सामने डटकर खडे हैं।सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने कहा कि बाबा साहब के संविधान ने करोड़ों लोगों को गुलामी से छूटकारा दिलाकर शोषित और पीड़ित समाज को स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है !इस गोष्ठी में पूर्व विधायक शब्बीर वाल्मीकि, अनिल यादव, राकेश सोनकर, पेसकार राव, अफशाल शानू, नंदेश्वर नंद यादव, देवीदयाल यादव, राहुल गौतम, नदीमुल हक, अरुण यादव, शैलेश सिंह शैलू, मयंक मिश्र, सत्यम बाजपेयी, गौरव यादव, रितेश सावन, सुनील यादव, मंगन श्रीवास्तव, मो0 जुनेद, कृपाराम यादव, विजय सेन अनूप कुमार, अभिषेक राव समीर राव, आशीष गौतम, भोला कमल, अलोक गौतम, सुमन शर्मा, अयोध्या सोनी, मुना रायनी आदि लोग उपस्थित रहे।श्री यादव ने आगे बताया कि समाजवादी पार्टी की ओर से जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हर सेक्टर में व बूथों पर भी बाबा साहब की जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गयी।

## पर्यटन विकास के लिए 1019 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत

अयोध्या। पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न मंडलों के अंतर्गत आने वाले ज ?पदों में विभिन्न स्थलों के सौन्दर्यीकरण, नवनिर्माण तथा जीर्णोद्धार हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत परियोजनायें स्वीकृति की है। इसके लिए अनुमानित लागत का आंकलन करते हुए स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त की धनराशि जारी करा दी गयी है।

यह जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या मण्डल के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए पहली किस्त के रूप में धनराशि जारी करा दी गयी है।

इसके तहत आलापुर के संत बाबा गोविन्द साहब की तपोभूमि अहिरौली के पर्यटन विकास के लिए 60 लाख, कटहरी विधानसभा के भीटी में स्थित काली मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 62 लाख, अकबरपुर चैतीपारा में ग्रामीण विकास के लिए 50 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।

# जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यमः डीएम



**बाराबंकी।** जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम है तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय

**● डीएम के हस्तक्षेप से आवेदिका के 35 वर्षो से चकबंदी वाद का हुआ समाधान**

उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उक्त उद्वार आमजन की समस्याओ के हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उसका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करवाते हुये कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनसुनवाई में प्रस्तुत ग्राम गोबरहा गौरसादिकपुर परगना देवा, तहसील नवाबगंज निवासी तारावती उर्फ लीलावती से संबंधित प्रकरण जो विगत 35 वर्षों से चकबन्दी न्यायालय में लंबित चला आ रहा था। जिसको लेकर आवेदिका ने जिलाधिकारी को अवगत कराया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित पीठासीन अधिकारी चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम को तलब कर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर त्वरित सुनवाई करवाते हुए प्रकरण का निस्तारण कराया गया। दूसरा प्रकरण मे सुनील कुमार गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुमार सोनी एवं ओमप्रकाश गुप्ता निवासी ग्राम अनवारी परगना कुर्सी, तहसील फतेहपुर के प्लाट पर वर्ष 2024 से भूमि कब्जेदारी का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। त्वरित कार्रवाई कर धारा 134 वाद के अंतर्गत कब्जा दिलाया गया।

## आग से चपेट मे 80 बीघे नष्ट हुई थी फसल, पीड़ित किसानो से मिलने पहुंचे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** त्रिवेदीगंज के ग्राम कन्हईपुर उसमानपुर, गौरी, सादुल्लापुर सहित कई गांवो की पिछले तीन चार दिन में 80 बीघे गेहूँ की तैयार फसल आग की चपेट में आकर राख हो जाने की सूचना मिलने पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने किसानो राजन सिंह, राहुल तिवारी, दिनेश दीक्षित, अनिल शाह, भगौती मिश्रा, राम किशोर, शिव बहादुर सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह से मुलाकत कर उप जिलाधिकारी हैदरगढ से संचार के माध्यम से बात कर उचित कार्यवाही कर जल्द से जल्द मुआवजा दिलवाये जाने की बात कही। जिस पर उपजिलाधिकारी द्वारा इसी हफ्ते में किसानो के मुआवजे का भुगतान प्रशासन द्वारा करवाये जाने की जानकारी दी।

सांसद श्री पुनिया ने कहा कि जनपद के कई ब्लाको में विद्युत विभाग की लापरवाही के वजह से किसानो की तैयार फसल जलकर राख हो गयी है। ऐसी कई घटनाएं जिले में हो चुकी है इन घटनाओ से किसान काफी आहत है।

## नारी शक्ति वंदन महिलाओं ने निकाली रैली

**बहराइच ।**केंद्र सरकार द्वारा ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्य के समर्थन में आज किसान डिग्री कॉलेज से इंदिरा स्टेडियम तक हजारों महिलाओं ने हाथों



तख्तीयां चेहरे पर जोश और दिल में गर्व के साथ एकजुट होकर स्कूटी रैली निकाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया उदेश्य महिलाओ की राजनीति भागीदारी और सशक्तिकरण का संदेश देना है जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय जी एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी जी नागर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल जी ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया रैली की खास बात ये रही की इसमें हर वर्ग और हर उम्र की महिलाएं शामिल हुई महिलाओ का कहना है 33 प्रतिशत आरक्षण का यह कदम उनके राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा नारी शक्तियों ने एक बार फिर अपनी ताकत का एहसास कराया जिला मिडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया की यह रैली महिलाओं को आरक्षण देने के लिए पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करने और महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई थी।नारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न के समर्थन में शहर की महिलाओ ने बैनर पर हस्ताक्षर कर केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया पोस्टर पर ह्वआई स्पोर्ट मोदी जीह्व लिखते हुए महिलावों ने न सिर्फ समर्थन जताया बल्कि अपने विचार खुल कर साझा किया इस अवसर पर कार्यक्रम सयोंजक जिला उपाध्यक्ष हरिश्चन्द्र गुप्ता हेमा निगम डिम्पल जैन राहुल रॉय के के कुमार जिला मंत्री प्रियंका रावत अमित वर्मा कोषध्यक्ष नितिन रुपानी जिला ग अर्चना मिश्रा निशा शर्मा पूनम अग्रवाल नंदनी मिश्रा अन्य महिलाएं उपस्थित रही

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी शिकायतें

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में आमजन की शिकायतें सुनीं। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें।

## एसपी ने वैकल्पिक मार्ग चहलारी घाट पुल का किया निरीक्षण



बहराइच। बहराइच लखनऊ- मार्ग पर स्थित घाघरा पुल के पुनर्निर्माण कार्य के दृष्टिगत भारी वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किए जाने के क्रम में जनपद पुलिस द्वारा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सघन निरीक्षण एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी पुल एवं उससे संबंधित वैकल्पिक मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात संचालन, मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था एवं संभावित जाम बिंदुओं का गहन अवलोकन किया गया। महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वैकल्पिक मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा यातायात का सुचारु एवं सुरक्षित संचालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही, मार्गों पर संकेतक बोर्ड, बैरिकेडिंग एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की स्पष्ट व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए, जिससे वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनसामान्य एवं विशेषकर भारी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## कच्ची शराब माफियाओ के किले में आबकारी विभाग की दस्तक



**बाराबंकी।** अवैध नशा तिजातियो के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत चर्चित ग्रामो मे आबकारी निरीक्षको की संयुक्त टीम ने छापेमारी करते हुये भारी मात्रा मे कच्ची शराब को बरामद

**● संयुक्त टीम ने की छापेमारी, 40 लीटर कच्ची शराब बरामद, 2 गिरफ्तार**

किया है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर उमाशंकर चैधरी, आबकारी निरीक्षक सर्किल हैदरगढ़ राजेश तिवारी की संयुक्त टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से चर्चित ग्राम बड़नपुर डिपो, गोबरहा पुलिया, पुरैना सहित 13 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। 40 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुये भारी मात्रा मे



बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया। इसके साथ ही संयुक्त टीम ने अवैध शराब की ब्रिकी रोके जाने हेतु ग्रामवासियो को सूचना दिये जाने की अपील की।

## अंबेडकर जयंती पर हुई विचार गोष्ठी

अयोध्या। अंबेडकर जयंती के अवसर पर साकेत पीजी कॉलेज, अयोध्या में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. बी.पी. अशोक और विशिष्ट वक्ता के रूप में अयोध्या के एडीएम के.के. अशोक और डॉ. नरेन्द्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर सुलतानपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. बी.पी. अशोक ने कहा कि बाबा साहेब के संघर्षों और कोशिश से प्रेरणा लेते हुए समाज के सभी वर्गों को समाज-निर्माण और राष्ट्र-निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक चिन्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**न्यायालय सूचना**

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त द्वितीय, चित्रकूटधाम मंडल-बांदा**
**(बदस्त अवाम फरोक्त के लिए)**
**इत्तिलानामा बनाम रेस्पाण्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रर**
**वाद सं.-सी202507000000348**
**बअदालत मुकाम अपीलांट**
वीरेन्द्र कुमार ....आदि
**बनाम**
कृष्णकुमार पुत्र राजनरायण, नि.ग्रा.-करहराकलॉ, तहसील व जिला-महोबा
रेस्पान्डेन्ट मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिग्री इस मुकदमे में मुसम्मी वादी ने पेश किया और यह अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत ने तारीख 29 महीना 04 सन 2026 ई0 वास्तें समाअत इस अपील से मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपके वकील या अन्य कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरफ अपील हाजा में जवाब इस सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आएगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा की जाएगी। आज बतारीख 13 महीना 04 सन 2026ई0 को मेरे दस्खत और मोहर अदालत हवाले किया गया।
**न्यायालय**

संक्षेप

### पिरामल फाइनेंस ने किया विस्तार

मुंबई। रिटेल क्षेत्र पर ध्यान देने वाली प्रमुख एनबीएफसी कंपनी पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की घोषणा की है। यह उपलब्धि भारत के क्षेत्रीय और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, खासकर उत्तर प्रदेश में, कंपनी की मजबूत वृद्धि और अच्छे प्रदर्शन को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश पिरामल फाइनेंस लिमिटेड के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है। कानपुर, वाराणसी, और आगरा जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की 53 शाखाएं हैं, जहां कंपनी ने मजबूत लोन व्यवसाय खड़ा किया है। उत्तर प्रदेश में होम लोन और बिजनेस लोन की मांग लगातार बढ़ रही है, जो उभरते शहरों और कस्बों के विकास के कारण बढ़ रही है। पिछले चार सालों में पिरामल फाइनेंस ने अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2021 में कंपनी की 20 से भी कम शाखाएं थीं, वहीं अब यह बढ़कर 26 राज्यों के 460 शहरों में 650 से अधिक शाखाओं तक पहुंच गई हैं।

### केएफसी ने पेश किया ऑल न्यू क्रिस्पी शावरमा रैप

मुंबई। केएफसी इंडिया भारत के शावरमा के लिए लाया है ऑल-न्यू क्रिस्पी शावरमा रैप एक वॉउ ट्विस्ट के साथ।यह ऑल-न्यू मेन्यू आइटम, आपके जाने-पहचाने फेवरीट में एक केएफसी ट्विस्ट है। केएफसी का क्रिस्पी शावरमा रैप स्वादिष्ट, टोस्टेड टॉर्टिला रैप के साथ आता है, जो केएफसी की मशहूर क्रिस्पी पेरी-पेरी चिकन स्ट्रिप्स, क्रीमी शावरमा मेयो, फ्रेश लेट्यूस और टैंगी पिकल्ड मेडिटेरेनियन वैजीज से भरपूर है।ऑल न्यू केएफसी क्रिस्पी शावरमा रैप पूरे भारत में 1300+ केएफसी रेस्टोरेंट में डाइन-इन और टेकअवे के लिए केवल रुपये 169 की शुरूआती कीमत में उपलब्ध है। इसे केएफसी ऐप, वेबसाइट https://online.kfc.co.in/ या मुख्य फूड डिलीवरी ऐप्स से भी ऑर्डर किया जा सकता है।

### ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने वर्ष 2026-29 के लिए गवर्निंग बॉडी चुनावों की घोषणा की

नई दिल्ली। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) ने शासी निकाय की 53वीं बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के बाद वर्ष 2026-29 के लिए अपने आगामी शासी निकाय चुनावों को कराने की औपचारिक घोषणा की है। यह निर्णय, लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और मजबूत संस्थागत शासन को लेकर इस चैंबर की सतत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ये चुनाव इस संगठन के स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार कराए जाएंगे। ब्रिक्स सीसीआई अपने आंतरिक शासन की रूपरेखा को निरंतर मजबूत करते हुए ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए सतत रूप से समर्पित है।

### एक व्यवस्थित नीतिगत पहल के तहत पीएनजी विस्तार में तेजी

मुंबई। भारत सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच को मजबूत करने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से, एक समन्वित नीतिगत ढाँचे के तहत पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार में तेजी लाने का काम शुरू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। तेजी से हो रहे इस विस्तार के तहत, मार्च 2026 के बाद से लगभग 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, जबकि 4.88 लाख अतिरिक्त उपभोक्ताओं ने नए पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्टर किया है। इन आँकड़ों से साफ है कि नीतिगत विस्तार के चलते पीएनजी के अडॉप्शन में जबरदस्त तेजी आई है। सरकार की पीएनजी विस्तार रणनीति के तहत ये प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026 की अधिसूचना भी शामिल है, जो तय समय-सीमा के भीतर शहरी गैस वितरण इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन को संभव बनाती है। घरों तक पीएनजी की पहुँच को और अधिक तेजी से बढ़ाने के लिए, सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून 2026 तक आगे बढ़ा दिया है। इस अभियान के द्वारा जल्द से जल्द कनेक्शन देने, माँग बढ़ाने, और केंद्रीय एजेंसियों, सीजीडी संस्थाओं एवं राज्य प्रशासनों के बीच आपसी तालमेल के साथ कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## सेंसेक्स में 1264 अंकों की उछाल



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय यह 1,422.85 अंक चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध समाप्ति के करीब है और दोनों देशों के बीच वार्ता फिर शुरू होने की संभावना है। मीडिया की खबरों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में बातचीत का दूसरा दौर हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी। भू-राजनीतिक तनाव में कमी के स्पष्ट संकेतों ने घरेलू बाजार में तेजी को समर्थन दिया। अमेरिका एवं ईरान के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने की उम्मीद और उसकी वजह से कच्चे तेल में आई नरमी ने मुद्रास्फीति चिंताओं को कम किया है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड ने सर्वाधिक 3.30 प्रतिशत की बढ़त हासिल की जबकि फोकस आईटी खंड में 3.09 प्रतिशत, औद्योगिक खंड में 2.90 प्रतिशत और बिजली खंड में 2.87 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,585 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 802 शेयरों में गिरावट रही और 126 अन्य अपरिवर्तित रहे।

## अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल, सोना भी 3000 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। अक्षय तृतीया त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,800 रुपये बढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 3,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अक्षय तृतीया को कीमती धातुओं की खरीद के लिए शुभ दिन माना जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 19 अप्रैल है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के बंद स्तर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,800 रुपये या 4.81 प्रतिशत बढ़कर 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,000 रुपये या करीब दो प्रतिशत बढ़कर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार मंगलवार को छुट्टी की वजह से बंद था। कारोबारियों ने इस तेज बढ़त की वजह त्योहार से पहले की खरीदारी को बताया, जो मजबूत खुदरा मांग की उम्मीदों के बीच हुई। अक्षय तृतीया आभूषण उद्योग के लिए सबसे खास समय में से एक है, जो परंपरा और सोने से जुड़े मूल्य की वजह से चलता है। हालांकि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ग्राहकों का इरादा मजबूत बना हुआ है, और वे हल्के, कई तरह से इस्तेमाल होने वाले और डिज़ाइन वाले आभूषणों को पसंद कर रहे हैं जो बदलती जीवनशैली के हिसाब से हों। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं में गिरावट देखी गई।

## शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच नए कूटनीतिक प्रयासों की उम्मीद के बीच बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई जिससे निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत उछलकर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,422.85 अंक यानी 1.85 प्रतिशत चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 9,41,461.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,55,016.77 करोड़ रुपये (4,910 अरब डॉलर) हो गया।

## रुपया नौ पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.44 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद हुई बढ़ोतरी और घरेलू मुद्रास्फीति के उच्च आंकड़ों के कारण बाजार का रुझान कमजोर हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.19 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 93.13 के उच्च स्तर तक पहुंचा। अंततः यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.44 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 52 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.35 पर बंद हुआ था। आंबेडकर जयंती के मौके पर मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। रुपया होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना हुआ है...निकट भविष्य में, रुपये के 93.10 से 93.65 के दायरे में कारोबार करने के आसार हैं। इसकी दिशा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.5 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 97.95 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 1,263.67 अंक या 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर जबकि निफ्टी 388.65 अंक या 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,231.30 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.21 डॉलर प्रति बैरल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को शुद्ध बिकवाल रहे।

## प्याज की कीमतों में गिरावट रोकने की अपील

मुंबई। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने बुधवार को कहा कि निर्यात रुकने के बाद प्याज की कीमतों में भारी गिरावटै की वजह से किसान बहुत परेशान हैं, जबकि उत्पादन लागत ज्यादा बनी हुई है। उन्होंने इस संदर्भ में सरकार से दखल देने की अपील की।

हालांकि, महाराष्ट्र के प्याज किसानों ने आरोप लगाया है कि उनकी आर्थिक तंगी के लिए केंद्र और विपक्ष दोनों जिम्मेदार हैं। इसने राज्य के सभी सांसदों से एक साथ आकर रसोई की इस जरूरी चीज पर चिंता जताने की अपील की। पाटिल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि प्याज उत्पादन की लागत लगभग 2,200 प्रति क्विंटल है, जबकि किसानों को अभी बाजार में केवल, 900 से 1300 प्रति क्विंटल का दाम ही मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान दोहरे संकट का सामना कर रहे हैं, पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से निर्यात पर असर पड़ा है और बेमौसम बारिश की वजह से कटाई के चरण पर पहुंच चुकी फसलों को नुकसान हुआ है। पाटिल ने राज्य सरकार से तुरंत दखल देने, प्याज का निर्यात फिर से शुरू करने की कोशिश बढ़ाने और किसानों को राहत देने के लिए सही कीमत का ऐलान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान समुदाय बहुत ज्यादा तनाव में है।

## व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल अगले सप्ताह अमेरिका जायेगा



नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकार वाशिंगटन में 20 अप्रैल से दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि फरवरी में अंतिम रूप दिए गए समझौते को अमेरिकी शुल्क ढांचे में हुए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।

इसके साथ ही अग्रवाल ने कहा कि इस व्यापार समझौते पर आगे चर्चा की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व में भारतीय दल इस महीने की 20 तारीख से अमेरिका का दौरा करेगा। वार्ता दल लगभग तीन-चार महीनों के बाद व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। हम समझौते के कानूनी ढांचे को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जो सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान का अगला तार्किक कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने अमेरिका द्वारा भारत सहित कई देशों के खिलाफ धारा 301 के तहत शुरू की गई दो जांचों पर भी इस बैठक में चर्चा की जाएगी। दोनों पक्ष साथ बैठेंगे और चर्चा करेंगे कि इन मुद्दों को कैसे संबोधित करने की जरूरत है। भारत और अमेरिका समय-सीमा और अगले कदमों को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। दोनों देशों के व्यापार अधिकारियों के बीच यह द्विपक्षीय बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दे चुके हैं। इस समझौते पर पहले मार्च में हस्ताक्षर होने थे लेकिन अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद शुल्क संरचना में हुए बदलाव से स्थिति बदल गई है। आधिकारिक सूत्रों ने पहले कहा था कि इस समझौते पर अब अमेरिका की नई वैश्विक शुल्क संरचना लागू होने के बाद ही हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा फरवरी में की थी। उस रूपरेखा के अनुसार अमेरिका, भारत पर शुल्क को 18 प्रतिशत तक घटाने पर सहमत हुआ था। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ आए अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद इस शुल्क संरचना में बदलाव हो गया है। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया।

## एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग 98 फीसदी तक बढ़ी



मुंबई। एलपीजी की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं की सोच में साफ और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है; कमी की चिंता और घबराहट में खरीदारी के बजाए अब आपूर्ति में उनका भरोसा बढ़ा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, भारत सरकार की सख़्त कार्रवाई, लगातार आपूर्ति और ज्यादा पारदर्शिता के चलते उन्हें विश्वास हो गया है कि बिना किसी रूकावट के एलपीजी की आपूर्ति जारी रहेगी।

यही कारण है कि उनका व्यवहार अब शांत हो गया है, जो डिजिटल तरीकों के अडॉप्शन में तेजी और जमाखोरी की घटनाओं में आई कमी से साफ जाहिर होता है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, मार्च 2026 से अब तक 1.28 लाख से ज्यादा इंस्पेक्शन किए गए और छापे मारे गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 59,000 से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इन लक्षित कार्रवाइयों का उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी वितरण प्रणाली लगातार मजबूत हो रही है। घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है और कहीं भी सिलेंडर की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है; एक ही दिन में 51 लाख से ज्यादा परिवारों को एलपीजी सिलेंडर मिले हैं। ज्यादातर डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स रविवार को भी काम कर रही हैं ताकि बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और उपभोक्ताओं की मांग पूरी होती रहे। इसके साथ ही, विभिन्न सेगमेन्ट्स में आपूर्ति की स्थिरता बनी हुई है; खाद्य, पॉलिमर और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए थोक गैर-घरेलू एलपीजी की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी गई है। कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार एवं रिफाइनरी के अनुकूल संचालन के चलते 23 मार्च से अब तक 10 लाख से ज्यादा कमर्शियल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

## पेज एक का शेष

### धनंजय सिंह पर

तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ चार पहिया वाहन से लौट रहे थे। जब उनका काफिला वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास पहुंचा, तभी बोलेरो से उतरे गोसाईंगंज (वर्तमान में अयोध्या) के विधायक अभय सिंह और उनके साथियों ने कथित रूप से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में धनंजय सिंह, उनके गनर, चालक सहित कई लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद धनंजय सिंह ने इस मामले में अभय सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस की विवेचना के दौरान अन्य आरोपियों के रूप में विनीत सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह रघुवंशी, विनोद सिंह और सतेंद्र सिंह के नाम भी सामने आए। इसके बाद सभी आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए में चल रही थी, जहां दोनों पक्षों की बहस पहले ही पूरी हो चुकी थी। बुधवार को तय तिथि पर अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद आरोपियों की ओर से संतोष जताया गया। विनीत सिंह के अधिवक्ता वरुण प्रताप सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ देश के किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। वहीं, विधायक अभय सिंह ने भी खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि धनंजय सिंह ने ही उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया था। करीब दो दशक पुराने इस बहुचर्चित मामले में आए फैसले के बाद एक लंबे समय से चल रही कानूनी प्रक्रिया का अंत हो गया। अदालत के इस निर्णय को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

### बाहरी तत्वों

को आगे बढ़ाने के लिए कृतज्ञता का भाव आवश्यक है। यह समझना जरूरी है कि किस समूह के कारण हम आगे बढ़ रहे हैं और जो देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है। हर कार्मिक को टीमवर्क, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक सफलता का आधार बनता है। किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को समूह या प्लांट के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने टाटा ग्रुप की कार्यसंस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समूह अपने कार्मिकों के साथ परिवार जैसा संबंध रखता है, और इसी पारिवारिक भावना को बनाए रखते हुए संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह क्षण हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का प्रतीक है, जब 34 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय करते हुए टाटा मोटर्स ने लखनऊ प्लांट से 10 लाखवीं बस को लॉन्च किया। यह उपलब्धि केवल एक इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन मात्र नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है जो भारत को और भारत की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर रही है। यह ह्यमाइलस्टोन मोमेंटह्व नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की उस उड़ान का प्रतीक है, जो रुकने के लिए नहीं, बल्कि निरंतर ऊंचाइयों को छूते हुए विकास, विश्वास और खुशहाली को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मोमेंटम की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक एम नहीं, बल्कि मास और वेलोसिटी का समन्वय है। जहां द्रव्यमान होता है, वहां गति स्वतः उत्पन्न होती है और यही गति नई ऊर्जा व ताकत प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यह मासेस 25 करोड़ की विशाल आबादी और 56 प्रतिशत युवा वर्कफोर्स के रूप में सामने आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार इस जनशक्ति को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़कर उसे मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स में परिवर्तित कर रही है, जिससे प्रदेश विकास की नई रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है। वी, यानी वेलोसिटी को डबल इंजन सरकार की डबल स्पीड का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास का मोमेंटम अब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। तेजी से विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे समेत बेहतर सड़क नेटवर्क और सुदृढ़ कनेक्टिविटी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए मजबूत आधार तैयार कर रही है।

इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश का मजबूत केंद्र बना उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 9 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, खराब कनेक्टिविटी और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था, जहां सड़क और गड्ढे में अंतर करना तक मुश्किल होता था और निवेशक आने से हिचकते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज प्रदेश ने एक नई दिशा प्राप्त की है, जहां बेहतर कानून-व्यवस्था और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने विकास की मजबूत नींव रखी है। प्रदेश आज औद्योगिक प्रगति की नई दिशा देते हुए निवेश और उत्पादन के लिए एक आकर्षक केंद्र बन रहा है। प्रदेश में इस समय देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 55% हिस्सा मौजूद है। गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन इसी माह प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से किया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 60% तक पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन से लेकर आज तक टाटा की बसों और अन्य भारी वाहनों के माध्यम से लोगों की यात्राओं व आवश्यकताओं की पूर्ति को हर भारतीय ने देखा और महसूस किया है। चाहे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सामान पहुंचाना हो या रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना, टाटा हमेशा भरोसे के साथ खड़ा रहा है। यही कारण है कि टाटा ग्रुप आज देश में अटूट विश्वास का प्रतीक बन चुका है। टाटा मतलब ट्रस्ट केवल एक धारणा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों का अनुभव है।

### यूपी में टाटा

औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि सप्लायर्स, पार्टनर्स और स्थानीय समुदाय के साथ विकसित एक सशक्त इकोसिस्टम है, जो टाटा समूह और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच विश्वास और साझेदारी का प्रतीक है। 34 वर्षों में 10 लाख वाहनों के उत्पादन का यह माइलस्टोन इस मजबूत संबंध और निरंतर विकास यात्रा को दर्शाता है। एन चंद्रशेखरन ने विश्वास जताया कि जिस प्रकार अब तक की प्रगति हुई है, अगले पांच वर्षों में 20 लाख वाहनों के उत्पादन का लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था आने वाले दशकों में वैश्विक स्तर पर सबसे तेज गति से बढ़ेगी और उत्तर प्रदेश इस विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाएगा। एन चंद्रशेखरन ने बताया कि टाटा मोटर्स का पोर्टफोलियो तेजी से विस्तृत हो रहा है, जिसमें पारंपरिक डीजल वाहनों के साथ-साथ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और भविष्य में हाइड्रोजन आधारित वाहन भी शामिल होंगे। इससे उत्तर प्रदेश न केवल देश के लिए, बल्कि वैश्विक बाजार के लिए भी एक महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्र बन सकता है।

### बिहार के

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग रखे हैं। जबकि जनता दल यूनाइटेड के खाते में फिलहाल 18 विभाग ही आए हैं, जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ग्रामीण विकास, परिवहन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य का शासन मोदी-नीतीश मॉडल पर ही आगे भी चलता रहेगा।मैं तुरंत राज्य की समृद्धि के लिए काम शुरू करूंगा। यह स्पष्ट रहना चाहिए कि बिहार मोदी-नीतीश मॉडल पर ही शासित होता रहेगा।

सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही कई अहम राजनीतिक उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की हैं। वह बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने हैं। इसके साथ ही वह उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो उपमुख्यमंत्री पद से सीधे मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। करीब 59 वर्षों बाद यह उपलब्धि दोहराई गई है। इससे पहले 1967 में उपमुख्यमंत्री बने जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 1977 में मुख्यमंत्री पद संभाला था।

### महिलाओं की

जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत महिला समूहों के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में कार्य हो रहा है। उन्होंने वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में लाखों महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से लखपति दीदी बनकर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है, साथ ही उनकी सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत करने के लिए समान नागरिक संहिता जैसे कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि यह कानून महिलाओं को राजनीतिक सशक्तिकरण की नई पहचान देगा और उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा। प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि यह पहल महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में नेतृत्व प्रदान करती है। कार्यक्रम में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, विधायक सविता कपूर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, डॉ. गीता खन्ना, पद्मश्री माधुरी बर्थवाल, दीप्ति रावत और रूचि भट्ट सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

### 26 जिलो

किसानों की आय बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर लोग कीटनाशकों से प्रभावित वस्तुओं से होने वाली बीमारियों से भी बच रहे हैं। किसानों का रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर खर्च घटा है, वहीं दूसरी ओर मिट्टी की उर्वरता बेहतर हुई है। इसके चलते जैविक उत्पादों को बाजार में प्रीमियम रेट मिल रहा है और रसायन-मुक्त उत्पादन से उपभोक्ताओं के बीच मांग भी बढ़ी है।

### नोएडा प्रदर्शनः

नशे की हालत में हंगामा कर रहा था। पुलिस के अनुसार, इन भ्रामक पोस्ट के कारण कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा और लोगों में भय व आक्रोश का माहौल बना। प्राथमिकी के बाद भारती ने सफाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वीडियो की सच्चाई जानने के बाद मैंने अपनी पोस्ट से उसे हटा दिया था और उत्तर प्रदेश पुलिस की उस पोस्ट को भी दोबारा साझा किया, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि मेरा साझा किया गया वीडियो सही नहीं था। जहां तक इस पूरे मामले का सवाल है, मेरी नजर में यह साफ तौर पर राजनीतिक रूप से प्रेरित है।




# बेंगलुरु ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया

## आईपीएल : मार्श ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये, रसिख ने 4, भुवनेश्वर ने 3 विकेट लिये

एजेंसी

बेंगलुरु । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-23 में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से हुआ. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया, जिसमें आरसीबी ने 5 विकेट से जीत हासिल की। आरसीबी को जीत के लिए 147 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 15.1 ओवरों में ही हासिल कर लिया।विराट कोहली ने रनचेज में शानदार 49 रन बनाए. वहीं तेज गेंदबाज रसिक सलाम डार ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया. इस जीत के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंकतालिका में पहले नंबर पर आ गई. आरसीबी के 5 मैचों में चार जीत से 8 अंक हैं, लेकिन उसका नेट रनरेट राजस्थान रॉयल्स से बेहतर है. पंजाब किंग्स तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद चौथे नंबर पर हैं।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल-19 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 147 रन का टारगेट दिया है।बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।लखनऊ 20 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई।ओपनर मिचेल मार्श ने 40, मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन की पारी खेली।रसिख सलाम ने 4 विकेट झटके।जबकि भुवनेश्वर कुमार को 3 विकेट मिले।क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट झटके। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला।लखनऊ ने 19.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 145 रन बना लिए हैं।आवेश खान और दिग्वेश राठी क्रीज पर हैं।मुकुल चौधरी (39 रन) रसिख सलाम ने बोल्ड कर दिया।19वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने मोहम्मद शमी और जार्ज लिंडे को लगातार दो बॉल पर आउट किया, लेकिन हैट्रिक हासिल नहीं कर सके। 16वें ओवर में रसिख सलाम ने आयुष बडोनी को कैच कराया।पंत पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, वे 16वें ओवर में बैटिंग करने लौटे, लेकिन 17वें ओवर में आउट हो गए। 12वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने अब्दुल समद को कप्तान रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया।



उन्होंने मिचेल मार्श को भी बोल्ड किया। 7वें ओवर में जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन (एक रन) को बोल्ड किया।ऐडन मार्करम (12 रन) को रसिख सलाम ने कैच कराया।लखनऊ ने 18 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बना लिए हैं। मुकुल चौधरी और इम्पैक्ट प्लेयर जॉर्ज लिंडे क्रीज पर हैं।रसिख सलाम ने 16वें ओवर में आयुष बडोनी को कैच कराया।पंत पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, वे 16वें ओवर में बैटिंग करने लौटे, लेकिन 17वें ओवर में आउट हो गए।

12वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने अब्दुल समद को कप्तान रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। उन्होंने मिचेल मार्श को भी बोल्ड किया। 7वें ओवर में जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन (एक रन) को बोल्ड किया।ऐडन मार्करम (12 रन) को रसिख सलाम ने कैच कराया।17वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बॉल भुवनेश्वर कुमार ने लो फुल टॉस फेंकी। ऋषभ पंत ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई।फिल सॉल्ट ने आगे की ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। पंत 1 रन ही बना सके।16वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बॉल रसिख सलाम ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। आयुष बडोनी ने शॉट खेला, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए।बडोनी ने 38 रन बनाए।बडोनी के बाद ऋषभ पंत बैटिंग करने आए।वे पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।पहली पारी में 5 ओवर का खेल बाकी है।टीम ने 83 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे, यहां से मुकुल चौधरी और आयुष बडोनी ने टीम को संभाल लिया।फउइ से रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार के 2-2 ओवर बाकी हैं। वहीं एक ओवर जोश हेजलवुड का बचा है।14वें ओवर में लखनऊ ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। क्रुणाल पंड्या के ओवर की 5वीं बॉल पर मुकुल चौधरी ने छक्का लगाया।इसी छक्के से टीम का स्कोर 100 पार हो गया।12वें ओवर की दूसरी बॉल पर लखनऊ ने चौथा विकेट गंवाया।यहां पर अब्दुल समद जीरो पर आउट हुए। उन्हें क्रुणाल पंड्या ने रजत पाटीदार के हाथों कैच कराय। अब्दुल अपना खाता भी नहीं खोल सके।10वें ओवर की 5वीं बॉल पर लखनऊ ने तीसरा विकेट गंवाया।यहां पर मिचेल मार्श 40 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें क्रुणाल पंड्या ने बोल्ड कर दिया।9वें ओवर की तीसरी बॉल पर मिचेल मार्श को जीवनदान मिला।सुयश शर्मा की बॉल मार्श के पैड पर लगी। लेकिन, फील्ड अंपायर ने नॉटआउट करार दिया।

ऐसे में आरसीबी ने रिव्यू की मांग की।वीडियो से पता चला कि बॉल का कुछ हिस्सा लेग स्टंप पर लग रहा था।ऐसे में मार्श अंपायर्स कॉल पर बच गए।8वें ओवर में लखनऊ ने 50 रन का आंकड़ा पूरा कर लिया।यहां पर क्रुणाल पंड्या की आखिरी बॉल पर मार्श ने छक्का लगाया। इसी छक्के के साथ टीम ने 50 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। 7वें ओवर की पहली बॉल पर लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया।पूरन महज एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए।टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ की शुरूआत खराब रही। टीम ने 35 रन बनाने वाले में ऐडन मार्करम का विकेट भी गंवा दिया।जबकि, कप्तान ऋषभ पंत रिटायर हर्ट हुए।

# अजेय पंजाब के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा मुंबई

मुंबई। पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा।



मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है।उसने चार मैचों में पहले छह ओवरों के महत्वपूर्ण चरण में केवल तीन विकेट लिए हैं। इसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल है जिसमें पावरप्ले 3.2 ओवर का था।

जसप्रीत बुमराह रन रोकने में तो सफल रहे हैं, लेकिन यह स्टार भारतीय तेज गेंदबाज अब तक चार मैचों में विकेट नहीं ले पाया है। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अभी तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं। यहां तक की बल्लेबाजी में भी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का पूरा फायदा नहीं उठा पाया है। इससे उसके मध्यक्रम पर दबाव बन रहा है। उसके मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने काफी हद तक निराश किया है। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार ने एक अर्धशतक लगाया है लेकिन तिलक ने अब तक 20, 00, 14 और 01 रन ही बनाए हैं।टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की अनुपलब्धता मुंबई इंडियंस के लिए एक और समस्या है।मुंबई इंडियंस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

इसके लिए कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी जिम्मेदार नहीं है बल्कि टीम का अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाना है। आरसीबी के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने लगातार ऐसी गेंदें फेंकीं जिन्हें बल्लेबाजों ने बाउंड्री के पार पहुंचाया, जबकि उसके बल्लेबाज पावरप्ले में दबाव नहीं बना सके।मुंबई के दोनों स्पिनर मयंक मार्कंडे और मिचेल सैंटनर को हर बार अपनी लेंथ से भटकने के कारण नुकसान उठाना पड़ा।पिछले सत्र की तरह श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने एक बार फिर अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है और उसे हराना आसान नहीं होगा।पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

इसका एक नमूना सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में देखने को मिला जिसमें उसने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 93 रन बनाए थे।प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की जोड़ी खतरनाक नजर आ रही है, जबकि अय्यर के आत्मविश्वास और कूपर कोनोली के आने से उसकी टीम और भी मजबूत हो गई है।

पंजाब किंग्स की गेंदबाजी की बात करें तो उसके मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अब तक खेले गए चार मैचों में 84 गेंदों पर 149 रन लुटाए हैं और केवल दो विकेट ही लिए हैं। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## संक्षेप

### वैशाली ने झोंग्झी से ड्रॉ खेला खिताब की दौड़ में बरकरार

पाफोस (साइप्रस)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने चीन की झोंग्झी तान से ड्रॉ खेला और वह महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ में बनी हुई हैं। कजाखस्तान की बिबिसेरा असायुबायेवा ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराकर खिताबी मुकाबला रोचक बना दिया है।पुरूष वर्ग में आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला और आठ खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में वह सातवें स्थान पर हैं। उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने एक दौर बाकी रहते खिताब जीत लिया है और इस साल के आखिर में वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये भारत के डी गुकेश को चुनौती देंगे। महिला वर्ग में वैशाली और असायुबायेवा के 7-5 अंक हैं। वैशाली को 14वें और आखिरी दौर में कैटरीना लाग्नो से खेलना है जबकि असायुबायेवा का सामना दिव्या देशमुख से होगा।

### अभिषेक व अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

नयी दिल्ली। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ज्षभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे।पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

# न्यूजीलैंड ने पापुआ न्यू गिनी को हराया, विश्व कप के लिए क्वालीफाई

एजेंसी

ऑकलैंड। न्यूजीलेंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में बुधवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को।-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

## डोपिंग उन्मूलन में सहयोग के लिए सीबीआई के विशेष निदेशक से मिले वाडा प्रमुख

नयी दिल्ली। भारत दौरे पर आये विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने बुधवार को संगठित डोपिंग और इसके पीछे काम करने वाले आपराधिक नेटवर्क से निपटने में सहयोग पर चर्चा के लिये सीबीआई के विशेष निदेशक मनोज शशिधर से मुलाकात की। बांका ने सोमवार को राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी के अधिकारियों से मुलाकात करके भारत में खेल की शुचिता की रक्षा के लिये अत्यावश्यक और गंभीर चर्चा की थी। वह बृहस्पतिवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे जिसमें डोपिंग में भारत के खराब रिकॉर्ड के मसले पर भी बात होगी। बांका ने एक्स पर लिखा केंद्रीय जांच ब्यूरो के विशेष निदेशक मनोज शशिधर से दिल्ली में अहम मुलाकात हुई।

## गोल्फः शुभंकर को बोल्डर्स क्लासिक में दो शॉट की बढत

हैदराबाद। शुभंकर शर्मा ने लगातार दूसरे दिन छह अंडर 66 स्कोर करके एक करोड़ रूपये ईनामी राशि के पहले बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद बुधवार को दो शॉट की बढत बना ली है। छह बार डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई विजेता शुभंकर जमशेदपुर में दिसंबर 2021 में टूर चैम्पियनशिप जीतने के बाद टूर पर पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

कोलकाता के दिव्यांशु बजाज सात अंडर 65 स्कोर करके दूसरे स्थान पर हैं। हैदराबाद के विशेष शर्मा तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। हनी बैसोया कल संयुक्त 42वें स्थान पर थे लेकिन आज संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए जिनका कुल स्कोर आठ अंडर 136 है।

## खेलमंत्री से मिले वाडा प्रमुख, डोप नियंत्रण उपायों के प्रभावी अमल पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। भारत दौरे पर आये विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने बुधवार को खेलमंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करके देश में वैश्विक मानदंडों के अनुरूप डोपिंग निरोधक उपायों पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर बात की।

# तमिलनाडु, बंगाल व दिल्ली जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी



देहरादून। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने शुरू में ही अपना दबदबा बनाते हुए बुधवार को यहां यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-19 लड़कियों के टीम वर्ग में अपने-अपने ग्रुप से प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। लीग मैच का सिर्फ एक दौर बाकी है जिसमें तेलंगाना बनाम पंजाब (ग्रुप ए), उत्तराखंड बनाम असम (ग्रुप बी), और पीएसपीबी बनाम चंडीगढ़ (ग्रुप सी) मुकाबले होने हैं लेकिन इन मुकाबलों के नतीजों का तीन प्रमुख टीम पर अधिक असर नहीं पड़ेगा जिन्होंने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। महाराष्ट्र (ग्रुप डी), उत्तर प्रदेश (ग्रुप ई), एनसीओई (ग्रुप एफ), कर्नाटक (ग्रुप जी), और गुजरात (ग्रुप एच) ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। कड़े ग्रुप सी में मेजबान उत्तराखंड अपना मैच पश्चिम बंगाल से 0-3 से हार गया लेकिन बुधवार को ही अपने आखिरी दौर के मैच में असम के खिलाफ टीम के पास वापसी की उम्मीद होगी। छत्तीसगढ़ और केरल के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें छत्तीसगढ़ ने तनावपूर्ण निर्णायक मैच में जीत हासिल करके मुकाबला अपने नाम किया। ग्रुप एफ में एनसीओई ने हरियाणा को हराया।

## अश्विन ने गायकवाड़ को बल्लेबाजी में बदलाव करने को कहा

चेन्नई। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने जियोस्टार पर कहा, कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता।

# एक्सेलसन को महानतम खिलाड़ी के रूप में किया जायेगा याद



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो बार के ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के संन्यास की घोषणा के बाद एक भावुक संदेश में कहा कि बैडमिंटन जगत उन्हें खेल के इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद रखेगा। एक्सेलसन ने लगातार पीठ के दर्द से जूझने के कारण बुधवार को संन्यास की घोषणा कर दी। डेनमार्क के इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे जबकि 2017 और 2022 में वह विश्व चैंपियन बने थे। लक्ष्य ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, बैडमिंटन आपके जैसे खिलाड़ी को पाकर धन्य है और आपको इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद रखेगा। जो चीज आपको वास्तव में सबसे अलग बनाती है, वह यह है कि आप एक बहुत अच्छे इंसान हैं। आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

लक्ष्य के गुरु और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने कहा कि एक्सेलसन के संन्यास लेने से इस खेल में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, विक्टर एक्सेलसन का पीठ की समस्या के कारण के खेल से संन्यास लेने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। एक महीने पहले जब मेरी उनसे आखिरी बार बात हुई थी, तब उन्होंने अपनी रिकवरी और सर्जरी के बाद सुधार न होने को लेकर चिंता व्यक्त की थी। लेकिन तब मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें इतना कड़ा फैसला करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्व बैडमिंटन महासंघ एक्सलसेन को कोई महत्वपूर्ण भूमिका सौंपेगा। विमल ने कहा व्यक्तिगत तौर पर मुझे लगता है कि यह खेल के लिए ही एक नुकसान है। मुझे पूरी उम्मीद है कि विश्व बैडमिंटन महासंघ विक्टर को खेल में बड़ी भूमिका देने पर विचार करेगा। वहीं दूसरी ओर दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा।



## धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच विजेता प्रदर्शन

चेन्नई। महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला। उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे।

# रोहित का पंजाब के खिलाफ खेलना संदिग्ध

एजेंसी



मुंबई। रोहित शर्मा बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच से लगभग बाहर हो गए हैं और फिलहाल टीम का मेडिकल स्टाफ उनकी जांच कर रहा है। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे।

जब रोहित रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद मुंबई इंडियन्स यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा, मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा। इस बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स जल्द ही मुंबई इंडियन्स से जुड़ने वाले हैं। वह मौजूदा सत्र में अब तक टीम के चारों मैच से बाहर रहे हैं और बृहस्पतिवार को भी नहीं खेल पाएंगे। जैक्स और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर (अब तक दो मैच खेले हैं) ने भारत में टीम से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था। वहीं दूसरी ओर भारत के हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं। भारत के लिये 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को कैरियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा भारतीय क्रिकेट के लिये हर प्रारूप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है। उन्होंने कहा तीनों प्रारूप में खेलने का सौभाग्य मुझे मिला और आगे भी मैं अपनी ओर से योगदान देकर भारत के लिये अधिक से अधिक मैच जीतना चाहूंगा।

सुंदर ने टी20 विश्व कप में कुछ ही मैच खेले लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अच्छा योगदान दिया है। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे सुंदर ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ समय में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है जिससे उन्हें विभिन्न प्रारूपों में नियमित मौके मिलते रहे हैं। उन्होंने कहा , मुझे बहुत ज्यादा चुनौतियां नहीं दिखती। फिटनेस की बड़ी भूमिका है और आपको समझना होगा कि अलग अलग हालात में शरीर कैसे काम करता है। सीनियर आफ स्पिनर आर अश्विन के संन्यास के बाद उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अधिक मौके मिलने लगे लेकिन छोटे प्रारूप में उन्हें बल्लेबाजी को निखारना पड़ा है। उन्होंने कहा आपको अलग अलग भूमिकाओं के लिये अलग तैयारी करनी पड़ती है और समझना होता है कि किस तरह के कौशल की जरूरत है और उसके हिसाब से काम करना पड़ता है।

